



दैनिक सीहोर जिले का प्रथम दैनिक K K RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-21 अंक-281 सीहोर, बुधवार 01 जनवरी 2025 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


## नए साल के जश्न में डूबी दिल्ली, कनॉट प्लेस में उमड़ा लोगों का हुजूम; सुरक्षा के रहे कड़े बंदोबस्त

नई दिल्ली (ए.)। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में नव वर्ष के स्वागत में जश्न में दिल्ली डूबी रही। प्रमुख बाजारों और धार्मिक स्थलों पर लोगों का हुजूम उमड़ा। लोगों ने बड़े ही उत्साह के साथ नए साल का स्वागत किया। वहीं इस दौरान दिल्ली पुलिस की तरफ से सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए। देर रात तक सड़कों पर पुलिस की मुस्तैदी बनी रही। वाहनों चालकों की लगातार जांच की गई। दिल्ली में कनाट प्लेस में लोगों की सबसे ज्याद भीड़ रही है।

मंगलवार शाम से ही लोगों का हुजूम कनॉट प्लेस में उमड़ा। पुलिस की ओर से कनाट प्लेस में सिर्फ पास वाले वाहनों की ही अनुमति थी। इसके बावजूद वाहनों की संख्या काफी अधिक रही। अधिकारियों ने बताया कि कनॉट प्लेस में भीड़ प्रबंधन के लिए रास्तों को रात आठ बजे से देर रात तक के लिए बंद कर दिया गया था।

**बुकिंग वालों को ही रेस्टोरेंट में दिया गया प्रवेश...**



कनॉट प्लेस में केवल उन्हीं वाहनों को प्रवेश दिया गया था, जिनके पास होटल, रेस्तरां, बार आदि की बुकिंग थी। पुलिस की ओर से कनाट प्लेस के प्रमुख मार्गो पर बैरिकेड लगाए गए। यहां पर आठ बजे से पहले लोगों का आने का सिलसिला शुरू हुआ। जो देर रात तक रहा। आठ बजे के बाद पुलिस ने बैरिकेड लगा कर रास्ते को रोक दिया। इसके बाद लोग पैदल ही अपने गतंव्य तक पहुंचे। युवा अपने दोस्तों के साथ इंडिया गेट, ग्रेटर कैलाश समेत कई महत्वपूर्ण जगहों पर मौज मस्ती करते हुए दिखे। वहीं उम्रदराज लोग धार्मिक स्थल पर नए वर्ष के अगाज पर प्रार्थना की।

**घर पर रहकर नए साल का किया स्वागत...**

नव वर्ष के आगमन के लिए काफी संख्या में लोग इंडिया गेट और कनॉट प्लेस की तरफ रुख किया। लेकिन काफी लोग ऐसे भी थे, जिन्होंने अपने दोस्तों के साथ घर पर ही नव वर्ष की पार्टी की। इंद्रपुरी के रहने वाले राम नरेश ने बताया कि वह पहले अपने दोस्तों के साथ कनॉट प्लेस जाते थे, लेकिन सर्दी बढ़ने पर इस साल अपने घर में ही दोस्तों के साथ पार्टी करने का फैसला किया है।

इसी तरह लक्ष्मी नगर के रहने वाले मयंक ने बताया कि शाम में वह अपने दोस्तों के साथ घूमने गए। लेकिन रात होते ही वह अपने घर पर परिवार के साथ ही नए साल का स्वागत किया।




मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने उज्जैन में विक्रमोत्सव 2025-विक्रम व्यापार मेला की तैयारियों की समीक्षा के लिए बैठक की।

## संभल में फिर चलेगा अतिक्रमण पर बुलडोजर

चंदौसी(ए.)। संभल में अतिक्रमण हटाने के अभियान को लेकर प्रशासन फिर से सक्रिय हो रहा है। अगले दो-तीन दिनों में अतिक्रमण पर नगर पालिका के बुलडोजर चलने की संभावना है। यह अभियान चिन्हित किए गए अतिक्रमण के साथ शहर के प्रमुख इलाकों में शुरू किया जाएगा, जहां अवैध निर्माणों और अतिक्रमण की समस्या लंबे समय से बनी हुई है।




डिप्टी कलेक्टर विनय कुमार मिश्रा ने शहर में आठ नवंबर से अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरु किया और इस दौरान बुलडोजर चलवाकर नाले व सडक् पर बनी दुकानों को ध्वस्त किया गया और स्लैब, टिनशेड आदि किए अतिक्रमण को धरासाई कर दिया। लेकिन यह अभियान 16 दिन तक चला और फिर डिप्टी कलेक्टर कुंभ में चले गए।

**अतिक्रमण हटाओ अभियान**

कुछ दिन रुकने के बाद फिर से अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरु हो गया और नगर पालिका ईओ कृष्ण कुमार सोनकर की मौजूदगी में नगर पालिका टीम ने अवैध रूप से नाले पर बनी दुकानों को बुलडोजर से तोड़ गया, लेकिन पिछले लगभग दस दिन से अतिक्रमण हटाओ अभियान बंद हो गया और तेजी से गरज रहा बुलडोजर भी शांत हो गया।

## भारत-पाक बॉर्डर पर तैनात बीएसएफ के जवानों ने दी नव वर्ष की शुभकामनाएं

जम्मू (आरएनएस)। नव वर्ष 2025 को लेकर जम्मू-कश्मीर में भारत-पाकिस्तान की अंतरराष्ट्रीय सीमा पर हाई अलर्ट जारी किया गया है। बीएसएफ के जवान यहां पर किसी भी चुनौती से निपटने के लिए तैयार हैं। कड़ाके की ठंड में यहां पर बीएसएफ के जवानों द्वारा बॉर्डर पर पैनी नजर रखी जा रही है। सुरक्षा को लेकर बीएसएफ जवानों की क्या-क्या तैयारियां हैं। इसे लेकर आईएएनएस ने कुछ बीएसएफ के जवानों से बात की। बीएसएफ के एक जवान ने बताया कि चुनौती साल के 365 दिन रहती है, लेकिन जब कोहरा बढ़ता है तो चुनौती दोगुनी हो जाती है। चुनौती चाहे कितनी भी बड़ी क्यों न हो, हम दुश्मनों दूसरों को विफल करने का हर संभव प्रयास करते हैं और हम ऐसा करने में सफल भी होते हैं। मैं देश के सभी नागरिकों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं।

## प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में विकास यात्रा को मिलेगा नया आयाम : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### आगमन : 2025 पर नागरिकों को बधाई



भोपाल (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आगमन ~ 2025 पर प्रदेश के नागरिकों को बधाई और शुभकामनाएँ दी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत निरंतर आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के मार्गदर्शन में वर्ष-2024 भारत के साथ मध्यप्रदेश समग्र विकास का पर्याय बना। आने वाला वर्ष-2025 निश्चित ही विकसित भारत के ध्येय को गति देगा, भारत की विकास यात्रा को नया आयाम मिलेगा और नया अध्याय गढ़ा जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्ष-2024 प्रदेश में जनकल्याण की दृष्टि से महत्वपूर्ण रहा। राज्य सरकार आने वाले वर्ष में भी जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देते हुए प्रदेश को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाने का भरसक प्रयास करेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारतीय नव वर्ष के साथ ही अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार नव वर्ष को मनाने की परंपरा है, यह अवसर प्रदेश के विकास में भागीदारी के संकल्प का भी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आशा व्यक्त की है कि विकास के प्रयासों में निश्चित ही प्रदेश के नागरिकों का पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा।



नए साल के जश्न में डूबे दिल्ली वाले।

## देश के सबसे अमीर सीएम चंद्रबाबू नायडू और सबसे गरीब हैं ममता बनर्जी



नई दिल्ली(ए.)। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू 931 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति के साथ भारत के सबसे अमीर मुख्यमंत्री हैं, जबकि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सिर्फ 15 लाख रुपये की संपत्ति के साथ सबसे कम संपत्ति वाली मुख्यमंत्री हैं। देश के 31 मुख्यमंत्रियों की कुल संपत्ति 1,630 करोड़ रुपये है। अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू 332 करोड़ रुपये से अधिक की कुल संपत्ति के साथ दूसरे सबसे अमीर मुख्यमंत्री हैं, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया 51 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति के साथ सूची में तीसरे स्थान पर हैं। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला 55 लाख रुपये की संपत्ति के साथ सूची में दूसरे सबसे गरीब मुख्यमंत्री हैं, जबकि केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन 1.18 करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ तीसरे सबसे कम संपत्ति वाले मुख्यमंत्री हैं। खांडू पर सबसे ज्यादा 180 करोड़ रुपये की देनदारी भी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सिद्धरमैया पर 23 करोड़ रुपये और नायडू पर 10 करोड़ रुपये से अधिक की देनदारियां हैं। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) द्वारा सोमवार को जारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रति मुख्यमंत्री की औसत संपत्ति 52.59 करोड़ रुपये है। भारत की प्रति व्यक्ति शुद्ध राष्ट्रीय आय या एनएनआई 2023-2024 के लिए लगभग 1,85,854 रुपये थी, जबकि एक मुख्यमंत्री की औसत स्व-आय 13,64,310 रुपये है, जो भारत की औसत प्रति व्यक्ति आय का लगभग 7.3 गुना है।

## जनवरी में मिल जाएगा बीजेपी को नया अध्यक्ष, संगठन में बदलाव की कवायद

### -संक्रांति तक कम से कम आधे राज्यों को मिल जाएंगे नए अध्यक्ष



नई दिल्ली,(ए.)। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा बीते चार सालों से ज्यादा समय से बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर विराजमान हैं। उनका कार्यकाल बीते साल ही समाप्त हो गया था, लेकिन लोकसभा चुनाव के चलते इसे बढ़ा दिया गया था। अब चुनाव के नतीजे आए 6 महीने से ज्यादा वक्त हो चुका है, लेकिन अब तक बीजेपी अध्यक्ष नड्डा ही हैं। इस बीच पार्टी में संगठन में बदलाव की कवायद तेज कर दी है। सूत्रों का कहना है कि मकर संक्रांति के बाद बीजेपी को नया अध्यक्ष मिल सकता है। इसे लेकर बैठकें शुरू हो चुकी हैं और जल्द ही किसी नाम पर मुहर लग सकती है। सूत्रों का कहना है कि भूपेंद्र यादव, अनुराग सिंह ठाकुर, शिवराज सिंह चौहान समेत कई ऐसे नेता हैं, जिन्हें अध्यक्ष बनाने का फैसला हो सकता है।

पार्टी 15 जनवरी तक जिला और राज्य के अध्यक्ष बना लेना चाहती है। संक्रांति तक कम से कम आधे राज्यों को नए अध्यक्ष मिल जाएंगे और फिर राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव कराया जाएगा। सूत्रों से खबर मिली है कि महीने के अंत तक पार्टी को नया अध्यक्ष तय हो जाएगा। रविवार को बीजेपी ने इस संबंध में मुख्यालय में बैठक की।

## दूसरे के नाम पर सिम कार्ड खरीदने वालों पर सख्ती

नई दिल्ली (ए.)। केंद्र सरकार ने किसी दूसरे के नाम पर सिम कार्ड खरीदने वालों पर सख्ती कर दी है। सरकार की ओर से ऐसे यूजर्स की एक लिस्ट तैयार की जा रही है, जिसे अपराध के दायरे में रखा जाएगा। इसके बाद अगर कोई दूसरे के दस्तावेज पर सिम कार्ड खरीदता है, तो उसके सिम कार्ड को 6 माह से लेकर 3 साल तक ब्लैकलिस्ट कर दिया जाएगा। साथ ही ऐसा करने वाले यूजर्स दोबारा कभी सिम कार्ड नहीं खरीद पाएंगे। रिपोर्ट की मानें, तो दूसरे के दस्तावेज पर सिम कार्ड खरीदने वालों को साइबर सिक्योरिटी के लिए खतरा माना जाएगा। दूससंचार विभाग की ओर से फ्रॉड सिम कार्ड खरीदने वालों की लिस्ट बनाने की शुरुआत कर दी गई है।

साइबर सिक्योरिटी रूल्स के मुताबिक सरकार ने रिपोजिटरी ऑफ पर्सन बनाने का प्रस्ताव रखा है। सरकार की ओर से पहले व्यक्तियों को नोटिस जारी की जाएगी। इसके बाद व्यक्ति को मामले में 7 दिनों के अंदर जवाब देना होगा। सरकार की ओर से जनहित में बिना नोटिस के कार्रवाई करने का आदेश है। ऐसे में बिना पूर्व सूचना के आपके सिम कार्ड को ब्लैकलिस्ट किया जा सकता है।




## राज्यपाल श्री पटेल ने प्रदेशवासियों को दी नव वर्ष की बधाई

**नव वर्ष का आगमन जीवन में नए संकल्प और लक्ष्यों के साथ आगे बढ़ने का अवसर : राज्यपाल श्री पटेल**

भोपाल(निप्र)। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने प्रदेशवासियों को नव वर्ष की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है। मंगलकामना की है कि नव वर्ष 2025 सभी के लिए सुख, शांति, सद्भाव, समृद्धि और सफलता लेकर आये। उन्होंने कहा है कि नव वर्ष का आगमन जीवन में नए संकल्प और लक्ष्यों के साथ आगे बढ़ने का अवसर होता है। प्रदेशवासी नव वर्ष का स्वागत, समाज तथा राष्ट्र के निर्माण में सक्रिय भागीदारी, दायित्व बोध के संकल्प के साथ करें।

राज्यपाल श्री पटेल ने अपने सन्देश में कहा है कि विकसित और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य के लिए नागरिक संकल्पित हों। नागरिकों से अपील की है कि अपने आचरण और व्यवहार से संविधान से प्राप्त अधिकारों और सौंपे गए कर्तव्यों के पालन के लिए प्रतिबद्ध रहकर समरस समाज निर्माण में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दें।

## पाकिस्तान पहुंचा यूपी का 'तारा': 'सकीना' के प्यार में पागल बाबू कर गया बॉर्डर पार, फेसबुक पर हुई थीं आंखें चार

अलीगढ़ (ए.)। अलीगढ़ जिले के थाना बरला के गांव नगला खिटकारी का एक युवक बादल बाबू (30) सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर एक पाकिस्तानी महिला को दिल दे बैठा। युवक महिला के प्यार में इस कदर पागल हो गया कि वह घर से उससे मिलने के लिए पाकिस्तान तक पहुंच गया। युवक पर बिना किसी वैध वीजा या दस्तावेज के सीमा पार करने का आरोप है। युवक को पाकिस्तान के मोजा मोंग इलाके के पास से पाक सीमा में घुसने व संदिग्ध गतिविधियों में गिरफ्तार किया गया है। यह घटना 27 दिसंबर की बतायी जा रही है। पाकिस्तान पुलिस ने युवक से पूछताछ की तो उसने बताया कि वह सोशल मीडिया के जरिए पाकिस्तानी महिला से जुड़ा था और उससे मिलने के लिए पाकिस्तान



आया था।

पाकिस्तान पुलिस का दावा है कि जनपद अलीगढ़ के थाना बरला क्षेत्र के नगला खिटकारी निवासी 30 वर्षीय बादल बाबू पुत्र कृपाल सिंह दिल्ली में कपड़े सिलाई की कंपनी में काम करता है। परिवार में तीन भाईयों में दूसरे नंबर का है। परिजनों के अनुसार दिल्ली में ही बादल बाबू की सोशल मीडिया (फेसबुक ) पर पाकिस्तानी युवती से बातचीत करने का सिलसिला शुरू हो गया।

पता कृपाल सिंह का दावा है कि बादल बाबू दिवाली से करीब 20 दिन पूर्व ही घर आया था। जाते वक्त अपने पहचान पत्र व अन्य कागजात घर पर ही छोड़कर दिल्ली चला गया। पिता के अनुसार 30 नवंबर को वीडियो कॉल के जरिये बेटे से बात हुई थी, जिसमें उसने बताया कि में जिस काम से आया हूं मेरा वो काम हो गया है। इसके बाद से आज तक बात नहीं हुई। पाकिस्तान पुलिस का दावा है कि बादल बाबू से वीजा या अन्य दस्तावेज मांगे तो वह कुछ भी नहीं दिखा सका। इसके बाद उसे पाकिस्तान विदेशी अधिनियम, 1946 की धारा 13 व 14 के तहत गिरफ्तार कर लिया गया।





# प्रधानमंत्री श्री मोदी के विजन के चार मिशन से मुख्यमंत्री डॉ. यादव संवारेंगे मध्यप्रदेश

## >>> गरीब, युवा, किसान और महिला सशक्तिकरण मिशन से बनेगा स्वर्णिम मध्यप्रदेश

भोपाल (निप्र)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश विकास के लिए ग़रीब, युवा, अन्नदाता और नारी के सशक्तिकरण को आधार बनाया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में आने वाले वर्ष-2025 में मध्यप्रदेश के सर्वांगीण विकास को आकार देने के संकल्प के साथ चारों मुख्य स्तंभों के विकास के लिए प्रदेश सरकार ने गरीब कल्याण मिशन, युवा शक्ति मिशन, किसान कल्याण मिशन और महिला सशक्तिकरण मिशन को पूरा करने के लिए अलग-अलग ब्ल्यू-प्रिंट तैयार किए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव इन सशक्तिकरण मिशनों का जनवरी माह से शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री का दृढ़ विश्वास है कि इन चारों स्तंभों को सशक्त बनाकर मध्यप्रदेश के विकास का स्वर्णिम अध्याय लिखा जा सकेगा।

युवा शक्ति मिशन युवा पीढ़ी को उभरती प्रौद्योगिकियों, उद्यमिता और खेल के क्षेत्र में कौशल प्रदान करेगा। इससे उन्हें बदलते हुए नौकरी बाजार के लिए तैयार किया जा सकेगा, साथ ही उनमें सक्षम नेतृत्व के गुण विकसित होंगे। महिला सशक्तिकरण मिशन उन्हें वित्तीय स्वतंत्रता, शैक्षिक अवसर और उद्यमिता के अवसर और प्रोत्साहन देगा। इससे महिलाएं आत्मनिर्भर बनेंगीं और प्रदेश में जेंडर इक्वलिटी को बढ़ावा मिलेगा। किसान कल्याण मिशन उद्देश्य विविधीकरण के साथ ही पशुपालन एवं मछली पालन जैसे सहायक व्यवसायों को एकीकृत करने और कृषि-आधारित उद्यमिता जैसे प्रगतिशील उपायों को वित्तीय सहायता और तकनीकी परामर्श देकर प्रोत्साहित कर खेती को मुनाफे का सौदा बनाने पर फोकस्ड है। गरीब कल्याण मिशन में सरकार आर्थिक रूप से पिछड़े समुदायों को वित्तीय सहायता, भूमि संबंधी अधिकार और सामाजिक सुरक्षा प्रदान कर गरीबी के कुचक्र को तोड़ने में मदद करेगी।

युवा शक्ति मिशन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव का मानना है कि 'युवा शक्ति मिशन' युवाओं के सशक्तिकरण की मजबूत बुनियाद सिद्ध होगा। मिशन से युवा में शिक्षा, कौशल विकास और सामुदायिक सेवा की भावनाएं विकसित होंगी। साथ ही वह आधुनिक तकनीक के कुशल प्रयोग में सक्षम बनेगा। परिणामस्वरूप युवाओं में सफल एवं सक्षम नेतृत्व के गुण भी विकसित होंगे।

'युवा शक्ति मिशन' के सफल क्रियान्वयन में आधुनिक तकनीक की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। कौशल विकास के पाठ्यक्रम युवाओं को सहजता से उपलब्ध हो सकें और वह उन्हें आसानी से समझ सकें, इसके लिए सरकार ने ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म लॉन्च किए हैं। इसका लाभ यह भी है कि ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के युवाओं को इसकी सुविधाएं समान रूप से सुलभ होंगी। मिशन की सफलता के लिए सरकार ने सोशल-मीडिया के माध्यमों का भी प्रभावी उपयोग करने की रणनीत बनाई गई है, जिससे युवाओं को मिशन से संबंधित जानकारी आसानी से उपलब्ध कराई



जा सके। इससे युवाओं में मिशन के प्रति जागरूकता बढ़ेगी।

महिला सशक्तिकरण मिशन

महिला सशक्तिकरण मिशन राज्य में महिलाओं की सामाजिक-आर्थिक स्थितियों में सुधार के लिए डिज़ाइन किया गया है। मिशन का मकसद महिलाओं को पुरुषों के ही समान अवसर उपलब्ध करा प्रदेश जेंडर इक्वलिटी लाना है ताकि प्रदेश में समावेशी समाज की स्थापना हो सके। मिशन के अंतर्गत उनमें शिक्षा और कौशल विकास के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इससे उनकी रोजगार प्राप्त कर पाने की क्षमता और संभावनाएं बढ़ेंगीं और वित्तीय स्वतंत्रता प्राप्त होगी। मिशन महिला उद्यमिता को भी बढ़ावा देगा, उन्हें अपने व्यवसाय शुरू करने और उसके सुचारु संचालन के संसाधन, मार्गदर्शन और वित्तीय सहायता प्रदान करेगा। महिलाओं के सामाजिक सशक्तिकरण के लिए घरेलू हिंसा और दहेज उत्पीड़न जैसी लैंगिक मुद्दों से निपटने के कार्यक्रम भी शामिल होंगे।

यह मिशन महिलाओं में उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाएगा और एक सहायक वातावरण तैयार करेगा। साथ ही महिलाओं के लिए कानूनी सहायता, काउंसलिंग और चिकित्सा सहायता प्रदान करने के लिए वन-स्टॉप सेंटर्स स्थापित किए जाएंगे। महिला सशक्तिकरण मिशन यह सुनिश्चित करेगा महिलाओं में नेतृत्व कौशल विकसित हो जिससे वे स्थानीय स्तर पर कुशल नेतृत्व करते हुए मध्यप्रदेश के समग्र विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकें।

किसान कल्याण मिशन

किसान कल्याण मिशन का उद्देश्य कृषि को उन्नत कर खेती को मुनाफे का सौदा बनाना है, जिससे किसानों का जीवन स्तर सुधरे और वे मध्यप्रदेश की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकें। खेती और किसान अर्थव्यवस्था की मजबूती के महत्वपूर्ण अंग हैं, इसलिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में यह मिशन सुनिश्चित करेगा कि किसान समृद्ध हों और कृषि क्षेत्र में आर्थिक स्थिरता आए।

मिशन का मुख्य उद्देश्य खेती को लाभप्रद बनाना है। इसके लिए मिशन के अंतर्गत कृषि विविधीकरण, जैविक खेती, खेती में पशुपालन, मछली-पालन जैसे व्यावसायों का एकीकरण और उन्हें बाजारोन्मुखी बनाकर उपज की बाजारों में पहुंच सुनिश्चित करने के साथ किसानों में कृषि-उद्यमिता को बढ़ावा दिये जाने पर जोर दिया जाएगा। मिशन, किसानों को सीधे बाजारों से जोड़ने के लिए ई-कॉमर्स प्लेटफार्मों और स्थानीय मेलों का भी आयोजन करेगा, जिससे वे अपनी उपज के लिए उचित मूल्य प्राप्त कर सकेंगे। किसानों का वित्तीय बोझ को कम करने के लिए मिशन के तहत उन्हें बीज, उर्वरक और उपकरण खरीदने के लिए वित्तीय सहायता और सब्सिडी दी जाएगी, जिससे उनके खर्चे कम होंगे और आय में वृद्धि होगी। मिशन, किसान उत्पादक संगठनों की स्थापना को बढ़ावा देकर किसानों में सहकारिता को प्रोत्साहित करेगा ताकि कृषि क्षेत्र संगठित स्वरूप लेकर आगे बढ़ सके। साथ ही मिशन में किसानों को कृषि तकनीकों और संसाधनों के प्रभावी प्रबंधन से संबंधित प्रशिक्षण भी दिलाया जायेगा।

गरीब कल्याण मिशन

गरीब कल्याण मिशन, मध्यप्रदेश सरकार द्वारा शुरू की जाने वाली एक अभिनव पहल है, जिसका उद्देश्य आर्थिक रूप से पिछड़े समुदायों को सशक्त बनाना और यह सुनिश्चित करना है कि आवश्यक सेवाएं उन तक पहुंच सकें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में यह मिशन समाज के हाशिए पर रहने वाले वर्गों को सशक्त बनाने की महत्वपूर्ण रणनीति का हिस्सा है।

मिशन का मुख्य उद्देश्य गरीबों के लिए सामाजिक सुरक्षा उपायों को मजबूत करना है, ताकि वंचित वर्ग को कठिन समय में आवश्यक सहायता प्राप्त हो सके। इसके अतिरिक्त, मिशन इस वर्ग को रोजगार से संबंधित चुनौतियों से निपटने में सक्षम योजनाओं का लाभ दिलाएगा। आर्थिक रूप से पिछड़े, जरूरतमंदों को मिशन में वित्तीय सहायता प्रदान कर आर्थिक सशक्तिकरण में मदद करेगा। बुनियादी सेवाओं जैसे स्वास्थ्य, शिक्षा और आवास तक पहुंच में सुधार किया जाएगा, जिससे गरीब परिवारों के जीवन स्तर में सुधार हो सकें।

गरीब कल्याण मिशन का उद्देश्य वंचित वर्ग को आर्थिक रूप से समुन्नत बना कर मध्यप्रदेश में आर्थिक विषमता दूर करना है, जिससे गरीब वर्ग भी प्रदेश के विकास में समान रूप से योगदान दे सकें।




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन में विक्रमोत्सव -2025 की तैयारियों की समीक्षा की।

## प्रदेश में गौ-संरक्षण और संवर्धन के नाम रहा वर्ष 2024

### दुग्ध और दुग्ध उत्पादों से किसानों को मिल रहा है अच्छा मुनाफा



भोपाल (ए.)। वर्ष 2024 प्रदेश में गौ-संरक्षण और संवर्धन के नाम रहा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश में इस भारतीय वर्ष (चैत्र माह से फाल्गुन माह तक) को गौ-संरक्षण और संवर्धन वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय लिया। उन्होंने इस वर्ष पशुपालकों के लिए कई नई योजनाएं लाकर उन्हें आमदनी के नए अवसर भी प्रदान किए।

पशुपालकों एवं गौ-संवर्धन के विकास व संरक्षण के लिए वर्ष 2024-25 के लिए 590 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया। इस वर्ष मुख्यमंत्री सहकारी दुग्ध उत्पादक प्रोत्साहन योजना के लिए बजट में 150 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। भोपाल के बरखेड़ी-डोब में 10 हजार गौ-वंश क्षमता वाली हाइटेक गौ-शाला बनाई जा रही है, जिसका मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा भूमि-पूजन किया गया। प्रदेश में बड़ी संख्या में गौ-शालाएं बनाई जा रही है और चरनोई की भूमि से अतिक्रमण हटाए जा रहे है। प्रदेश में संचालित 2500 गौ-शालाओं में 4 लाख से अधिक गौ-वंश का पालन किया जा रहा है।

सरकार के निरंतर प्रयासों से प्रदेश में कृषि कार्य के साथ ही पशुपालन, किसानों की आय बढ़ाने का बड़ा जरिया बन गया है। राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड से भी प्रदेश में दुग्ध उत्पादन में वृद्धि के लिए करारनामा हुआ है। किसानों और पशुपालकों को प्रोत्साहन के लिए दुग्ध उत्पादन पर बोनस दिया जायेगा। देशी गाय और अच्छी नस्ल के देशी नंदी के पालन के लिए मध्यप्रदेश प्राकृतिक कृषि विकास योजना में भी प्रोत्साहन राशि देने का प्रावधान किया गया है। किसानों को गौ-पालन और सौर संयंत्रों के प्रयोग पर सरकार प्रोत्साहन दे रही है।

## जोनल अधिकारी/वार्ड प्रभारी अधिक से अधिक आवेदनों को निराकृत कर पोर्टल पर दर्ज कराएं

भोपाल (आरएनएस)। निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन ने मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के तहत नगर निगम, भोपाल द्वारा किए जा रहे कार्यों की दो चरणों में समीक्षा की। प्रथम चरण में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में एवं द्वितीय चरण में वरिष्ठ अधिकारियों व जोनल अधिकारियों की उपस्थिति में समीक्षा करते हुए पात्र वंचित हितग्राहियों को शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने हेतु शिविरों में अधिक से अधिक आवेदनों का निराकरण कर पोर्टल पर अनिवार्य रूप से दर्ज कराने हेतु जोनल अधिकारियों/वार्ड प्रभारियों को निर्देश दिए। निगम आयुक्त ने निर्देशित किया कि जोनल अधिकारी अपने अधीनस्थ क्षेत्रों में प्रभावी रूप से मॉनीटरिंग करें और शत प्रतिशत वंचित हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ पहुंचाने की कार्यवाही करें और कोई भी पात्र हितग्राही वंचित न रहे यदि कोई वंचित पात्र हितग्राही योजना का लाभ प्राप्त करने से छूट जाता है तो संबंधित जोनल अधिकारी/वार्ड प्रभारी के विरूद्ध कार्यवाही की जायगी। निगम आयुक्त नारायन ने अपर आयुक्तों को भी निर्देशित किया कि वे अपने अधीनस्थ विधानसभा क्षेत्रों के वार्डों में प्रतिदिन प्रगति रिपोर्ट प्राप्त करें और आवश्यक दिशा निर्देश भी दें। निगम आयुक्त ने घर-घर जाकर वंचितों को चिन्हित करनें और उन्हें शिविर आदि की जानकारी देकर आवश्यक कार्यवाही पूर्ण कराते हुए शासन की कल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए।

## साल के अंतिम दिन रैन बसेरों के रहवासियों और साल के पहले दिन श्रमिकों के कल्याणार्थ शिविर



भोपाल (आरएनएस)। नवाचारों में अग्रणी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय भोपाल द्वारा नया साल मनाने की अनूठी पहल की गई है। साल के अंतिम दिन 31 दिसंबर 2024 को रैन बसेरों और साल के पहले दिन 01 जनवरी 2025 को श्रमिकों पीठों पर नए साल के उपलक्ष्य में विशेष आयोजन किए जाएंगे। इस दौरान रैन बसेरों के रहवासियों और श्रमिकों के लिए विशेष स्वास्थ्य परीक्षण एवं स्वास्थ्य जागरूकता शिविर लगाए जाएंगे।

नए साल की पूर्व संध्या पर 31 दिसंबर को रैन बसेरा शाहजहांनी पार्क और रैन बसेरा हमीदिया अस्पताल के पास शिविर लगाया जाएगा। 01 जनवरी को करोंद चौराहा और परिहार चौराहा अशोका गार्डन में श्रमिक पीठों पर शिविर लगाया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा स्व प्रेरणा से इन शिविरों के आयोजन की पहल की गई है।

ये विशेष शिविर रैन बसेरे में शरण लेने वाले लोगों और श्रमिक पीठों के समय की सुविधा का ध्यान रखते हुए आयोजित किए जा रहे हैं। रैन बसेरों में शाम 7:00 और श्रमिक पीठों में सुबह 7:00 बजे से शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविरों में असंचारी रोगों के परीक्षण, चर्म रोग स्क्रीनिंग, आयुष्मान कार्ड एवं आभा आईडी बनाने की सुविधा दी जावेगी। इसके साथ ही इन शिविरों में मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के परीक्षण एवं परामर्श की व्यवस्था भी की गई है। वेक्टर जनित रोगों की स्क्रीनिंग और नेत्र परीक्षण की सुविधा भी दी जाएगी। शिविरों में पैथोलॉजी टेस्ट नि:शुल्क किए जाएंगे।

रैन बसेरों और श्रमिक पीठों में स्वास्थ्य परीक्षण एवं स्वास्थ्य से जुड़ी विभिन्न सेवाएं दी जाएंगी। जिला प्रशासन और नगर निगम के समन्वय से आयोजित इन शिविरों में सामाजिक न्याय विभाग, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग का सहयोग भी लिया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. प्रभाकर तिवारी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा नया साल जनस्वास्थ्य से जनकल्याण के संकल्प के साथ शुरू किया जाएगा। अंतिम पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक शासन की हितग्राहीमूलक सेवाओं को पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित इन शिविरों में समग्र स्वास्थ्य सेवाओं को प्रदान किया जाएगा।

## मेट्रो फेज-2 के लिए 29 दुकानें तोड़ी



भोपाल (आरएनएस)। भोपाल मेट्रो की ऑरेंज लाइन के दूसरे फेज के लिए सोमवार सुबह 29 दुकानें तोड़ दी गई। अल्पना तिराहे से भोपाल रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर-6 तक यह कार्रवाई की गई। कुल 40 दुकानें टूटेगी। वहीं, ईरानी डेरा के आसपास करीब 30 अतिक्रमण हटेगा। कार्रवाई के बीच विधायक आतिफ अकील भी मौके पर पहुंचे और दुकानदारों के विस्थापन की मांग उठाई।

कार्रवाई से नाराज व्यापारियों का आरोप है कि, मामले में हाईकोर्ट में आज सुनवाई होनी थी, लेकिन इससे पहले ही प्रशासन ने कार्रवाई कर दी। जिला प्रशासन उन्हें विस्थापित करें और उचित मुआवजा दें। ताकि, वे परिवार का भरण-पोषण और व्यापार कर सके।

बता दें कि मेट्रो का दूसरा फेज सुभाष नगर डिपो से करोंद तक कुल 8.77किमी है। यह काम भी दो हिस्से में होगा। दोनों पर कुल 1540 करोड़ रुपए खर्च होंगे। मिट्टी की टेस्टिंग, डिजाइन समेत अन्य काम हो चुके हैं। अब अतिक्रमण हटाया जा रहा है। ताकि, सिविल के काम जल्दी शुरू हो सकें। कुछ दिन पहले पुल बोगदा से पक्की दुकानें हटाई गई थीं। वहीं, सोमवार सुबह रेलवे स्टेशन के आसपास कार्रवाई की गई।

प्लेटफॉर्म नंबर-6 के सामने स्थित नर्मदा आइस फैक्ट्री के भूखंड पर 40 दुकानें थीं। जहां व्यापारी पिछले 50 वर्ष से व्यापार कर रहे थे। इन दुकानों को हटाने की कार्रवाई की गई है। जिन दुकानदारों ने अपना सामान नहीं हटाया था, उनका सामान जब्त कर लिया गया। कुछ दुकानदारों ने अपना सामान रोड पर ही रख लिया। दुकानदारों ने कोर्ट में याचिका दाखिल करने की बात कहीं, लेकिन अफ़सरों ने एक न सुनी और कार्रवाई की।

## पचमढ़ी घूमने गई भोपाल की एमबीबीएस छात्रा की मौत, हृदय गति रुकने का जताया गया संदेह



भोपाल (ए.)। भोपाल के राधाकृष्ण मेडिकल कॉलेज की एमबीबीएस फर्स्ट ईयर की छात्रा नित्या साहू (21) की सोमवार को पचमढ़ी में अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद मौत हो गई। नित्या अपने तीन दोस्तों के साथ घूमने के लिए पचमढ़ी गई थी।

### यात्रा के दौरान बिगड़ी तबीयत

29 दिसंबर को भोपाल के अवधपुरी स्थित गैलेक्सी सिटी निवासी नित्या अपने दोस्तों मुस्कान रंधावा, तनिष्क सक्सेना और पुष्पक गंधारे के साथ पचमढ़ी घूमने गई थी। पचमढ़ी थाना प्रभारी उमाशंकर यादव ने बताया कि रविवार रात खाना खाने के बाद मुस्कान अपने कमरे में सोने चली गई। सोमवार सुबह नित्या की तबीयत अचानक खराब हो गई और उसे उल्टियां होने लगीं।

### अस्पताल पहुंचने से पहले मौत

सोमवार सुबह 7:45 बजे नित्या और उसके साथियों को भोपाल लौटने के लिए वंदेभारत ट्रेन पकड़नी थी, लेकिन तबीयत बिगड़ने पर उसे स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। पिपरिया के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### हृदय गति रुकने का संदेह

पिपरिया के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की मेडिकल अधिकारी डॉ. पूजा और डॉ. अनिता साहू ने नित्या का पोस्टमॉर्टम किया। प्रारंभिक जांच में हृदय गति रुकने से मौत का संदेह जताया गया है। विस्तृत जांच के लिए विसरा को प्रयोगशाला भेजा गया है।

## नए साल में जेपी अस्पताल में 240 बेड की नई बिल्डिंग होगी शुरु,अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस रहेगा भवन

भोपाल (ए.)। राजधानी भोपाल के जिला अस्पताल जेपी में 240 बेड का अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस नया अस्पताल तैयार किया जा रहा है। यह नए साल 2025 में चालू कर दिया जाएगा। भवन का 80त्न काम पूरा हो गया है। इस बिल्डिंग में 5 फ्लोर होंगे और 240 बेड की क्षमता होगी। नए आधुनिक आपरेशन थियेटर, ब्लड बैंक, सोनोग्राफी और एक्सरे की सुविधा भी होगी।

### केंद्र और राज्य सरकार के सहयोग से बन रही बिल्डिंग

मध्य प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग और केंद्र सरकार के सहयोग से इस नए अस्पताल की बिल्डिंग का निर्माण किया जा रहा है। इस मामले में जेपी अस्पताल के सिविल सर्जन व अधीक्षक राकेश श्रीवास्तव ने बताया कि जेपी अस्पताल परिसर में ही मुख्य ए ब्लॉक के पीछे खाली पड़ी जमीन पर इस पांच मंजिला अस्पताल के निर्माण का काम तेजी से चल रहा है नए साल में इसे शुरू कर दिया जाएगा। इस अस्पताल के बनने में कुल 26 करोड़ रुपए की लागत आएगी। इसमें से 19 करोड़ राज्य सरकार वहन करेगी, जबकि 7 करोड़ की राशि केंद्र के सहयोग से प्राप्त होगी।



### ऐसी रहेगी अस्पताल की व्यवस्था

पांच मंज़िल जिला अस्पताल में कुल 240 बेड की सुविधा होगी। ग्राउंड फ्लोर पर कुल 30 बेड होंगे। ग्राउंड फ्लोर पर इमरजेंसी और ट्रायल रूम भी होगा। साथ ही फीमेल इमरजेंसी वार्ड होगा। इसमें बेड की संख्या 10 होगी। इसके साथ मेल वार्ड में बेड की संख्या 10 और आइसोलेशन वार्ड में10 बेड होंगे। फर्स्ट फ्लोर पर 41 बेड होंगे। इसमें फीमेल के लिए 25 बिस्तर वाला सर्जिकल वार्ड होगा तो पुरुषों के लिए 10 बिस्तरों वाला आइसोलेशन वार्ड भी होगा। इसके साथ ही प्राइवेट वार्ड भी यहां होगा। इसमें बिस्तरों की संख्या 8 होगी। सेकंड फ्लोर पर भी मेल सर्जिकल वार्ड होगा. इसमें बेड की संख्या 25, फीमेल सर्जिकल सर्जिकल वार्ड में भी 25 बेड होंगे। यहां भी 9 बेड का प्राइवेट वार्ड होगा। थर्ड फ्लोर पर 25 बेड और चार ओटी होंगे। चार अलग-अलग ऑपरेशन थिएटर बनाए जा रहे हैं। इसमें अत्याधुनिक सामानों के साथ ऑपरेशन की तमाम सुविधाएं होंगी। इसके साथ ही यहां भी 25 बेड का फीमेल सर्जिकल वार्ड भी होगा। फोर्थ फ्लोर पर भी 25 बेड का पुरुष सर्जिकल वार्ड होगा तो महिलाओं के सर्जिकल वार्ड की संख्या भी 25 रहेगी। फिफ्थ फ्लोर पर 33 बिस्तरों का वार्ड रहेगा। सबसे खास बात यह रहेगी कि यहां पर ब्लड बैंक भी बनाया जाएगा। जिससे मरीजों को इधर-उधर भटकना न पड़े और उन्हें अस्पताल में ही ब्लड आसानी से मिल जाए।

### 600 बेड का हो जाएगा जेपी अस्पताल

जेपी अस्पताल के अधीक्षक डॉ. राकेश श्रीवास्तव ने बताया कि प्रभु राम चौधरी का कहना है कि केंद्र और प्रदेश सरकार के सहयोग से इस अस्पताल में नई बिल्डिंग का निर्माण किया जा रहा है।

## नए साल में भोपाल मंडल में रुकने वाली 8 ट्रेनों का टाइम 5 से बढ़कर होगा 10 मिनट, 1 जनवरी से होगा लागू



भोपाल (ए.)। नए साल में रेलवे यात्रियों की सुविधा और बेहतर करने के उद्देश्य से भोपाल मंडल से गुजरने वाली 8 महत्वपूर्ण ट्रेनों के ठहराव में वृद्धि का निर्णय लिया है। 1 जनवरी, 2025 से मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर ट्रेनों के ठहराव को 5 मिनट से बढ़ाकर 10 मिनट किया जा रहा है। यह निर्णय यात्रियों को बेहतर सुविधा और यात्रा के दौरान सुगमता प्रदान करने के लिए लिया गया है।

### इन गाड़ियों का बढ़ाया स्टॉप टाइम

1. गाड़ी संख्या 14319 इंदौर-बरेली साप्ताहिक एक्सप्रेस का बीना स्टेशन पर ठहराव 5 मिनट से बढ़ाकर 10 मिनट किया गया है।
2. गाड़ी संख्या 14320 बरेली-इंदौर साप्ताहिक एक्सप्रेस का बीना स्टेशन पर ठहराव 5 मिनट से बढ़ाकर 10 मिनट किया गया है।
3. गाड़ी संख्या 22468 गांधी नगर कैपिटल - वाराणसी एक्सप्रेस का बीना स्टेशन पर ठहराव 5 मिनट से बढ़ाकर 10 मिनट किया गया है।
4. गाड़ी संख्या 22830 शालीमार-भुज एक्सप्रेस का बीना स्टेशन पर ठहराव 5 मिनट से बढ़ाकर 10 मिनट किया गया है।
5. गाड़ी संख्या 19306 कामाख्या-डॉ. अम्बेडकर नगर एक्सप्रेस का बीना स्टेशन पर ठहराव 5 मिनट से बढ़ाकर 10 मिनट किया गया है।
6. गाड़ी संख्या 12181 जबलपुर-अजमेर दयोदय एक्सप्रेस का गुना स्टेशन पर ठहराव 5 मिनट से बढ़ाकर 10 मिनट किया गया है।
7. गाड़ी संख्या 12182 अजमेर-जबलपुर दयोदय एक्सप्रेस का गुना स्टेशन पर ठहराव 5 मिनट से बढ़ाकर 10 मिनट किया गया है।
8. गाड़ी संख्या 12627 बैंगलोर-नयी दिल्ली एक्सप्रेस का भोपाल स्टेशन पर ठहराव 5 मिनट से बढ़ाकर 10 मिनट किया गया है।

## बाय द वे रेस्टोरेंट पर पुलिस का छापा

भोपाल (आरएनएस)। बैरागढ़ के बाय द वे रेस्टोरेंट पर रविवार रात पुलिस ने दबिश दी। यहां एक दर्जन से ज्यादा ग्राहक हुक्का पी रहे थे। पुलिस टीम को देखते ही रेस्टोरेंट मैनेजर ने ग्राहकों को पिछले दरवाजे से भगा दिया। पुलिस ने मौके से मैनेजर को गिरफ्तार किया। मुखबिर की सूचना पर रात 9:30 बजे कार्रवाई की गई। हालांकि मैनेजर को रात 2:30 बजे नोटिस देकर छोड़ दिया गया।

थाना प्रभारी कवल जीत सिंह रंधावा ने बताया कि बाय द वे रेस्टोरेंट पर रविवार रात दबिश दी थी। सीसीटीवी में पुलिस को देख मैनेजर ने ग्राहकों को भगा दिया था। अलग-अलग टेबल पर एक दर्जन से अधिक फ्लेवर्ड हुक्के रखे थे। मौके से मैनेजर अभिषेक यादव पिता कमलसिंह यादव (31) निवासी धोबी घाट बैरागढ़ को गिरफ्तार किया गया।

# कलेक्टर द्वारा जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों के तत्काल निराकरण के निर्देश दिए

## कलेक्टर द्वारा एक आवेदिका को ट्राई साइकिल एवं तीन आवेदकों को आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई

झाबुआ (ए)। कलेक्टर नेहा मीना द्वारा मंगलवार को प्रात: 11 बजे जिला मुख्यालय पर जनसुनवाई ली गई। जनसुनवाई में प्राप्त आवेदन के माध्यम से हितग्राही भूरी धूमसिंह बारिया निवासी वगई छोटी तहसील राणापुर को कलेक्टर नेहा मीना द्वारा ट्राई साइकिल प्रदान की गई। आवेदक कमलेश डामोर निवासी बाटियाबयड़ी द्वारा बताया गया कि प्रार्थी का हाथ पर बिजली का करंट लगने से शक्तिहीन हो गया व पारिवारिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण भरण पोषण करने में परेशानी हो रही है कलेक्टर नेहा मीना द्वारा आवेदक को 20 हजार रुपये की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई। आवेदिका कु. हीरा हटीला ने आर्थिक सहायता हेतु आवेदन किया कलेक्टर द्वारा 20 हजार रुपये की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई। आवेदिका सारिका मुलेवा निवासी पेटलवाद द्वारा बताया गया कि उनके पति पेटलवाद ब्लास्ट कांड में वर्ष 2015 में निधन हो गया उनके 2 बच्चें है एवं आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने से परिवार का भरण-पोषण करने में परेशानी हो रही है, कलेक्टर द्वारा 10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई। आवेदक मानु पिता दितिया पारगी निवासी ग्राम बलवासा तहसील थांदला द्वारा बताया गया कि उचित मूल्य की दुकान पर हितग्राहियों को नियमानुसार अनाज वितरित नहीं करने एवं हितग्राहियों के



हस्ताक्षर अंगूठा लेकर इंट्री कर बाद में आने का बोलकर भगा देने तथा समूह संचालक एवं सेल्समेन के द्वारा ग्रामवासियों को निर्धारित मानक के अनुसार अनाज वितरण नहीं किये जाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। आवेदक मेगा भूरिया द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा ग्राम पंचायत मोहनकोट में वन भूमि पर कई वर्षों से खेती कर रहा वन अधिकार अधिनियम के अंतर्गत भू- अधिकार देने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया।

आवेदक अजित राठौर ग्राम पंचायत तलावली तहसील मेघनगर द्वारा बताया गया कि वर्तमान सचिव से 1.5 माह से कार्यस्थल पर नहीं आने एवं कार्य में लापरवाही बरतने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया।

कलेक्टर नेहा मीना द्वारा सम्बंधित अधिकारियों को समस्याओं को समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। इस प्रकार विभिन्न विभागों से संबंधित जनसुनवाई में कुल 45 आवेदन आए। इस दौरान मुख्यकार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जितेन्द्र सिंह चौहान, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व झाबुआ भास्कर गाचले, डिप्टी कलेक्टर हरिशंकर विश्वकर्मा, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती निशा मेहरा एवं समस्त विभाग के जिला अधिकारी एवं तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार उपस्थित रहे।

## जनसुनवाई में आ रही समस्याओं के समय-सीमा में निराकरण की विशेष व्यवस्था



इन्दौर (ए)। प्रति मंगलवार की तहत इस मंगलवार भी कलेक्टर कार्यालय में जनसुनवाई सम्पन्न हुई। कलेक्टर आशीष सिंह ने आवेदकों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उनका सहानुभूतिपूर्वक निराकरण किया। साथ ही अन्य अधिकारियों ने कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष और अपने-अपने कक्षों में भी नागरिकों की समस्याओं को सुना और उनका मौके पर ही निराकरण किया। कलेक्टर आशीष सिंह ने बताया कि आवेदकों की समस्याओं का प्राथमिकता के साथ समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। यह तय किया गया है कि आवेदकों की समस्याओं के समय-सीमा में निराकरण को सुनिश्चित करने के लिए विशेष व्यवस्था के तहत उनके प्रकरण सीएम हेल्पलाइन में दर्ज किए जा रहे हैं। समय-सीमा में निराकरण किया जा रहा है। कलेक्टर श्री सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए है कि वे हर हाल में समय-सीमा में समस्याओं का निराकरण करें। अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए आवेदकों को भटकना नहीं पड़े। एक बार में ही समस्या निराकृत हो जाए। दर्ज समस्या के निराकरण के लिए उन्हें दोबारा नहीं आना पड़े। आवेदकों से जरूरत पड़ने पर संपर्क कर तत्काल समस्या का निराकरण करें। आज सम्पन्न हुई जनसुनवाई में कलेक्टर श्री सिंह ने पुष्पा बाई को 15 हजार रुपये की मदद तत्काल स्वीकृत की। उसने बताया कि मेरे दो लड़के हैं और वे दोनों ही दिव्यांग है। बड़ा बेटा बीमार रहता है। इलाज के लिए पैसे की जरूरत है। इसको देखते हुए कलेक्टर ने उक्त सहायता स्वीकृत की। इसी तरह परदेशीपुरा की लक्ष्मी बाई को भी इलाज के लिए 10 हजार रुपये की मदद दी गई। विष्णु बाई ने बताया कि मैं ग्राम खजूरिया में रहती हूँ। मेरे पति दिव्यांग है। परिवार का भरण-पोषण मेरे उपर ही निर्भर है। मुझे सिलाई का कार्य आता है। अगर सिलाई मशीन मिल जाएगी, तो मेरा रोजगार बढ़ जाएगा। अच्छी आय होगी। कलेक्टर ने तुरंत सिलाई मशीन स्वीकृत की। इसी तरह मोहन सिंह को पत्नी के इलाज के लिए 10 हजार रुपये की मदद स्वीकृत की गई। बर्नाड एंथोनी को भी 10 हजार रुपये तत्कालीक मदद दी गई। इसी प्रकार ग्राम केलोद की सुन्दर बाई पति धर्मेन्द्र को 15 हजार रुपये की मदद दी गई। जनसुनवाई में आज भी बड़ी संख्या में संपत्ति, पारिवारिक, धोखाधड़ी सहित अन्य समस्याएं भी आयी जिनका यथासंभव निराकरण किया गया।

## जन-सुनवाई ने दिया सहारा, जितेन्द्र का बनेगा अब पक्का मकान

### कलेक्ट्रेट की जन-सुनवाई में 128 लोगों की हुई सुनवाई



ग्वालियर (ए)। जितेन्द्र गोस्वामी का जल्द ही खुद का पक्का मकान होगा। लम्बे अर्से से आवास स्वीकृति की आस लगाए बैठे जितेन्द्र को कलेक्ट्रेट की जन-सुनवाई ने सहारा दिया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा हर पात्र व्यक्ति को मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत योजना का लाभ दिलाने के लिये दिए गए निर्देशों का पालन कर कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने जितेन्द्र की वर्षों पुरानी मांग पूरी कर दी है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास प्लस योजना में उनका नाम जुड़वा दिया है। कलेक्ट्रेट की जन-सुनवाई में इस बार 128 लोगों की सुनवाई की गई। मंगलवार को कलेक्ट्रेट में हुई जन-सुनवाई में नगर परिषद मोहना के वार्ड-7 के निवासी जितेन्द्र गोस्वामी अपनी फरियाद लेकर पहुँचे थे। उन्होंने कलेक्टर श्रीमती चौहान को अपनी व्यथा सुनाते हुए कहा कि पात्रता होने के बाबजूद भी प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मेरे नाम से आवास मंजूर नहीं हुआ है। इसके लिये हमने नगर परिषद व विकासखंड स्तर पर कई बार प्रयास किए पर सफलता नहीं मिली। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने उनके आवेदन के आधार पर छानबीन कराई तब पता चला कि तकनीकी कारणों से जितेन्द्र गोस्वामी के लिये आवास मंजूर नहीं हो सका है। मोहना जब ग्राम पंचायत थी, तब उनका नाम प्रतीक्षा सूची में शामिल था। मोहना के नगर पंचायत बनने के बाद नए सिरे से लक्ष्य और प्राथमिकता क्रम का निर्धारण हुआ। इस वजह से जितेन्द्र के लिये आवास स्वीकृत होने में देरी हुई। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने प्रधानमंत्री आवास प्लस योजना में उनका नाम शामिल करा दिया है।

## दिसंबर बीता, नहीं हुआ इंदौर में स्वच्छता सर्वेक्षण, जनवरी के दूसरे सप्ताह तक आ सकती है टीम

इंदौर (ए.)। सात बार लगातार स्वच्छता में नंबर वन का ताज पहनने वाले इंदौर का स्वच्छता सर्वेक्षण अभी तक नहीं हो पाया है। उम्मीद थी कि दिसंबर माह में टीम आएगी। इसके लिए नगर निगम ने खूब तैयारियां की। वॉल पेंटिंग हुई, नालों की सफाई की, सड़कें मशीनों से साफ हुई, लेकिन दिल्ली से टीम नहीं आई। इस कारण तैयारियां धरी रह गई। 15 जनवरी तक सर्वे के लिए टीम आने की संभावना है। इसके चलते फिर सफाई अमला सक्रिय हो चुका है। सोमवार रात खुद निगमायुक्त शिवम वर्मा सफाई व्यवस्था का जायजा लेने निकले और वार्ड 46 में सफाई संतोषजनक नहीं पाए जाने पर सफाई दरोगा विजय नरवले को निलंबित कर दिया। इसके अलावा जोन दस के सहायक सीएसआई संजय वेद का तीन दिन का वेतन काटने के निर्देश भी दिए। निगमायुक्त पाटनीपुरा चौराहा, विजय नगर, नेहरू नगर, विकास नगर सहित अन्य क्षेत्रों की सफाई व्यवस्था देखने पहुंचे थे। स्वच्छता सर्वेक्षण वर्ष 2024 के लिए होना है, इसलिए माना जा रहा है कि जनवरी के दूसरे सप्ताह तक सर्वे देश भर में शुरू हो जाएगा।

## जनसंपर्क विभाग के कर्मठ वाहन चालक संतोष बाथम सेवानिवृत्त



जनसंपर्क परिवार ने दी भावभीनी विदाई

ग्वालियर (ए)। जनसंपर्क विभाग में 36 वर्ष की सेवाएँ देने के बाद वाहन चालक संतोष बाथम मौजूदा साल के आखिरी दिन 31 दिसम्बर को सेवानिवृत्त हुए। जनसंपर्क परिवार ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। साथ ही संतोष बाथम द्वारा जनसंपर्क विभाग के लिये वाहन चालक के रूप में की गई अथक मेहनत को याद कर उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई। जनसंपर्क विभाग के सभी अधिकारी-कर्मचारियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों ने इस अवसर पर उनके आगे के स्वस्थ व सुखमय जीवन की कामना की।

विदाई कार्यक्रम में प्रभारी उप संचालक जनसंपर्क मधु सोलापुरकर, सेवानिवृत्त अपर संचालक जी एस मौर्य, वरिष्ठ पत्रकार राकेश अचल, देव श्रीमाली व विनय अग्रवाल मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन सहायक जनसंपर्क अधिकारी हितेन्द्र सिंह भदौरिया ने किया।

## उप स्वास्थ्य केंद्रों की स्वीकृति से क्षेत्र में होगा स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार : मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया



### झाबुआ जिले की पेटलावद विधानसभा में खुलेंगे 13 उप स्वास्थ्य केंद्र

झाबुआ (ए)। मध्यप्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने झाबुआ जिले की पेटलावद विधानसभा में 13 उप स्वास्थ्य केन्द्रों की स्वीकृति प्रदान करने पर उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल को धन्यवाद दिया और क्षेत्र की जनता की ओर से आभार माना है। मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत में स्वास्थ्य क्षेत्र के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए ऐतिहासिक निर्णय लिये हैं। वहीं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में नागरिकों को उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करने के लिये कृत संकल्पित हैं। महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने कहा कि झाबुआ जिले की पेटलावद विधानसभा के अंतर्गत असालिया, चेन बावड़ी, बरखेड़ा, भैंसाकराई, भंवर पिपलिया, घावलिया, गोमला, गोपालपुरा, हत्यादेली, झूमका, कोकावद, रसोडी, वागलाबाट भूरिया के लिए कुल 13 नवीन उप स्वास्थ्य केन्द्रों के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि इन स्वास्थ्य केंद्रों के खुलने से क्षेत्र की जनता को मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं में वृद्धि होगी।

## एन.एम.ए. विपिन बिहारी पटैरिया की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह कार्यक्रम संपन्न



दतिया (ए)। लगन, निष्ठा और पूरी कर्मठता के साथ विभागीय दायित्वों का निर्वाहन करने वाले कर्मचारी विपिन बिहारी पटैरिया। श्री पटैरिया का कर्मचारियों केसाथ ही नहीं मरीजों के साथ भी बेहद संजीदा रिश्ता रहा है। यही कारण हैकि आज तक उनसे कोई भी अंसतुष्ठ नहीं रहा। बहुत कम अधिकारी और कर्मचारी होती हैं , जिन्हें शासन की सेवा के दौरान आरोप -प्रत्यारोप से ना गुजरना पड़ा हो। लेकिन पटैरिया निर्विवाद रूप से वह शख्स हैं। जिनके व्यक्तित्व पर ऐसे किसी भी शब्दों की परछाई भी ना पड़ी हो। श्री पटैरिया जी को सेवानिवृत्ति पर शुभकामनाएं देते हुए स्वस्थ्य और उत्तम जीवन की कामना करते हैं। उक्त उद्गार डॉ . हेमन्त मण्डेलिया मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने व्यक्त किये। इस मौके पर जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. जयंत यादव, सारलेट इवान बेरो, देव सिंह मामा, कुष्ठ विभाग से सभी ब्लॉकों के एन.एम.ए ., मलेरिया विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी , बीएमओ ऑफिस का स्टाफ मौजूद रहा। सीएमएचओ डॉ. मण्डेलिया जीने कहा कि जिस तरह श्री पटैरिया ने विभागीय दायित्वों के निर्वाहन के दौरान अपने पारिवारिक दायित्वों का निर्वाहन कियाहै। यहताल -मेल निश्चित रूप से उनकी कर्तव्य परायणता का घोतक है। ईश्वर से प्रार्थना है कि उनका जीवन खुशियों से भरा रहे। उल्लेखनीय है कि 31 दिसम्बर, 2024 को विपिन बिहारी पटैरिया एन.एम .ए. जिला कुष्ठ कार्यालय से आज सेवानिवृत्त हुए हैं। इसी उपलक्ष में विभाग की ओर से विदाई समारोह कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिला मलेरिया कार्यालय के सभाकक्ष में श्री पटैरिया को सभी ने पुष्पमाला पहनाकर उनके स्वस्थ्य जीवन की कामना की।



## साल के आखिरी दिन शेयर बाजार में भारी गिरावट, नए साल में सावधानी के साथ आगे बढ़ने की तैयारी

मुंबई (ए)। घरेलू बेंचमार्क सूचकांक मंगलवार को गिरावट के साथ खुले। शुरुआती कारोबार में निफ्टी पर आईटी, रियलिटी, ऑटो, फाइनेंशियल सर्विस, एफएमसीजी, मीडिया और प्राइवेट बैंक सेक्टर में बिकवाली देखी गई। सुबह करीब 9ः25 बजे सेंसेक्स 434.64 अंक या 0.56 प्रतिशत की गिरावट के साथ 77,813.49 पर कारोबार कर रहा था, जबकि निफ्टी 108.90 अंक या 0.46 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,536 पर कारोबार कर रहा था। बाजार का रुख मिलाजुला रहा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर 1,096 शेयर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,040 शेयर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। बाजार के जानकारों के अनुसार, दिसंबर का महीना वैश्विक स्तर पर इक्विटी बाजारों के लिए कमजोर रहा है। एसएंडपी 500 में 2.34 प्रतिशत और निफ्टी में 2.6 प्रतिशत की गिरावट आई है। उन्होंने कहा, बाजार नए साल में सावधानी के साथ आगे बढ़ने की तैयारी कर रहे हैं क्योंकि अनिश्चितता अधिक है और



मूल्यांकन बढ़ा हुआ है। निफ्टी बैंक 191.50 अंक या 0.38 प्रतिशत की गिरावट के साथ 50,761.25 पर था। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 244.95 अंक या 0.43 प्रतिशत की गिरावट के साथ 56,944.80 पर कारोबार कर रहा था। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 21 अंक या 0.11 प्रतिशत की गिरावट के साथ 18,618.95 पर था। सेक्टोरल फ्रंट पर पीएसयू बैंक, फार्मा, मेटल, एनर्जी, कमोडिटीज, पीएसई और हेल्थकेयर सेक्टर में खरीदारी देखी गई। सेंसेक्स पैक में टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक, टीसीएस, इंफोसिस, जोमैटो और एनटीपीसी टॉप लूजर्स थे। जबकि टाटा मोटर्स, आईटीसी, टाटा स्टील, एसबीआई, कोटक महिंद्रा बैंक और नेस्ले इंडिया टॉप गेनर्स थे। पिछले कारोबारी सत्र में डॉव जोंस 0.97 प्रतिशत की गिरावट के साथ 42,573.73 पर बंद हुआ। एसएंडपी 500 इंडेक्स 1.07 प्रतिशत गिरकर 5,906.94 पर और नैस्डैक 1.19 प्रतिशत गिरकर 19,486.79 पर बंद हुआ।

एशियाई बाजारों में चीन लाल निशान पर कारोबार कर रहा था, जबकि हांगकांग हरे निशान पर कारोबार कर रहा था। जानकारों ने कहा, उच्च अमेरिकी बॉन्ड यील्ड और मजबूत डॉलर यह सुनिश्चित करेंगे कि एफआईआई हर तेजी पर बिकवाली जारी रखेंगे। डीआईआई की खरीदारी इतनी मजबूत नहीं होगी कि बाजार को ज्यादा ऊपर ले जा सके। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने 30 दिसंबर को 1,893.16 करोड़ रुपये के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों ने उसी दिन 2,173.86 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

## जनवरी 2025 में 15 दिन बंद बैंक रहेंगे, देखें छुट्टियों की पूरी लिस्ट




नई दिल्ली (ए) । नए साल की शुरुआत में बैंकिंग सेवाओं में बाधा आ सकती है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के अनुसार, जनवरी 2025 में देश भर के बैंक कुल 15 दिनों के लिए बंद रहेंगे। ये बैंक बंद विभिन्न राज्यों और धर्मों के त्योहारों और राष्ट्रीय अवकाशों के कारण रहेंगे। उदाहरण के लिए, मकर संक्रांति, पोंगल, गुरु गोबिंद सिंह जयंती आदि जैसे त्योहारों के कारण बैंक बंद रहेंगे।

**किन तारीखों को रहेंगे बैंक बंद ?**

1, 2, 5 और 6 जनवरी

1 जनवरी को नया साल है इसलिए कुछ राज्यों में बैंकों की छुट्टी रहेगी। जबकि, 2 जनवरी को नया साल और मन्नम जयंती के कारण बैंक बंद रहेंगे।

5 जनवरी को रविवार है जिसके कारण पूरे देश भर में बैंक बंद रहेंगे। वहीं, 6 जनवरी को गुरु गोबिंद सिंह जयंती के मौके पर हरियाणा और पंजाब में बैंक बंद रहेंगे।

**11, 12, 14 और 15 जनवरी**

11 जनवरी को महीने का दूसरा शनिवार होने की वजह से देश के सभी बैंकों में अवकाश रहेगा। दूसरी तरफ 12 जनवरी को रविवार की वजह से और स्वामी विवेकानंद जयंती होने की वजह से बैंकों में अवकाश रहेगा।

14 जनवरी को मकर संक्रांति और पोंगल के कारण कुछ राज्यों के बैंक बंद रहेंगे। वहीं, 15 जनवरी को तिरुवल्लुवर दिवस, माघ बिहू की वजह से असम में और मकर संक्रांति के चलते भी बैंक की छुट्टी रहेगी।

**16, 19, 22 और 23 जनवरी**

16 जनवरी को कनुमा पंडुगु के कारण अरुणाचल प्रदेश के बैंक में छुट्टी होगी और 19 जनवरी को रविवार की वजह से बैंकों में अवकाश रहेगा।

22 जनवरी को इमोइन के कारण और 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती पर बैंकों की छुट्टी रहेगी।

**25, 26 और 30 जनवरी**

25 जनवरी को महीने के चौथे शनिवार के कारण बैंकों में काम नहीं होगा। जबकि, 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस का राष्ट्रीय अवकाश होने के कारण बैंक बंद रहें।

30 जनवरी को सोनम लोसर होने की वजह से सिक्किम में बैंकों की छुट्टी रहेगी।

**क्या करें अगर बैंक बंद हैं ?**

आज के डिजिटल युग में बैंकिंग सेवाएँ अधिक सुलभ और सुविधाजनक हो गई हैं। अधिकांश बैंकिंग कार्य आप ऑनलाइन कर सकते हैं, जहाँ नेट बैंकिंग या मोबाइल ऐप के माध्यम से आप आसानी से पैसे ट्रांसफर, बिल पेमेंट आदि कर सकते हैं। इसके अलावा, नकदी निकालने के लिए आप एटीएम का उपयोग कर सकते हैं, जो किसी भी समय उपलब्ध होता है। यदि आपको किसी जरूरी काम के लिए बैंक शाखा में जाना हो, तो आप शाखा के खुलने के समय का पता लगा सकते हैं और उसी समय पर जाकर अपने कार्य पूरे कर सकते हैं। इस प्रकार, ऑनलाइन बैंकिंग, एटीएम सुविधाएँ और शाखा समय की जानकारी मिलकर बैंकिंग को सरल और सुविधाजनक बनाते हैं।

## भारतीय अर्थव्यवस्था और बैंकों की स्थिति काफी मजबूत : आरबीआई




मुंबई (ए) । भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा सोमवार को जारी की गई फाइनेंशियल स्टेबिलिटी रिपोर्ट के मुताबिक, भारत अर्थव्यवस्था और घरेलू फाइनेंसियल सिस्टम मजबूत आर्थिक आधार, कंपनियों और बैंकों की स्वस्थ बैलेंसशीट और दशकीय उच्च स्तर पर मौजूद रिटर्न ऑन एसेट्स आधारित है। रिपोर्ट में कहा गया कि मजबूत आधार के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था में वृद्धि जारी रहेगी। रिपोर्ट में बताया गया कि शेड्यूल कमर्शियल बैंकों में मजूबती का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि बैंक का मुनाफा मजबूत बना हुआ है। नॉन-परफॉर्मिंग एसेट्स (एनपीए) कई दशकों के निचले स्तर पर पहुंच गया है। रिटर्न ऑन एसेट्स (आरओए) और रिटर्न ऑन इक्विटी (आरओई) कई दशकों के उच्चतम स्तर पर हैं। केंद्रीय बैंक ने बताया कि मैक्रो स्ट्रेस से पता चला कि सभी बैंकों के पास पर्याप्त कैपिटल मौजूद है और विपरित परिस्थितियों का सामाना कर सकते हैं। स्ट्रेस टेस्ट में म्यूचुअल फंड और क्लियरिंग कॉरपोरेशन की स्थिति भी मजबूत थी। गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां (एनबीएफसी) की स्थिति पर्याप्त पूंजी बफर, मजबूत ब्याज मार्जिन और आय एवं बेहतर परिसंपत्ति गुणवत्ता के साथ स्वस्थ बनी हुई हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि बीमा क्षेत्र का कंसोलिडेटेड सॉल्वेंसी रेश्यो भी न्यूनतम सीमा से ऊपर बना हुआ है। रिपोर्ट में आगे बताया गया कि वैश्विक अर्थव्यवस्था और वित्तीय प्रणाली अनिश्चितता बढ़ने के बावजूद मजबूत बनी हुई है। हालांकि, निकट अवधि के जोखिम कम हो गए हैं, लेकिन एसेट के मूल्यांकन में वृद्धि, उच्च सार्वजनिक ऋण, लंबे समय तक भू-राजनीतिक संघर्ष और उभरती टेक्नोलॉजी से जोखिम जैसे कारक वित्तीय स्थिरता के लिए मध्यम अवधि के जोखिम पैदा करते हैं। आरबीआई की रिपोर्ट में कहा गया है कि इक्विटी मूल्यांकन में वृद्धि, माइक्रोफाइनेंस और उपभोक्ता ऋण खंडों में तनाव की स्थिति और बाहरी स्पिलओवर से जोखिम जैसी कमजोरियों पर कड़ी निगरानी की आवश्यकता है। वैश्विक विनियामक पहलों ने तकनीकी प्रगति, साइबर सुरक्षा खतरों और तीसरे पक्ष पर निर्भरता से उत्पन्न होने वाले जोखिमों को कम करने पर ध्यान केंद्रित किया है।

## सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

# विदेश नीति में भी भारत की अहमियत बनी रहेगी

संकेत साफ है। श्रीलंका के मार्क्सवादी राष्ट्रपति की विदेश नीति में भी भारत की अहमियत बनी रहेगी। दिसानायके ने यह दो टूक भरोसा दिया कि उनकी सरकार श्रीलंकाई जमीन से किसी भारत विरोधी गतिविधि की इजाजत नहीं देगी। श्रीलंका के राष्ट्रपति अनूरा कुमारा दिसानायके की यात्रा से भारत को दो आश्वासन मिले। पहला तो यही कि दिसानायके ने राष्ट्रपति के रूप में अपनी विदेश यात्रा के लिए भारत को चुना। नई दिल्ली में उसका मतलब यह समझा गया है कि श्रीलंका के मार्क्सवादी राष्ट्रपति की विदेश नीति में भी भारत की अहमियत बनी रहेगी। फिर दिसानायके ने भरोसा दिया कि उनकी सरकार श्रीलंकाई जमीन से किसी भारत विरोधी गतिविधि की इजाजत नहीं देगी। मतलब यह समझा गया कि चीनी खोजी एवं अन्य जहाजों को श्रीलंका में लंगर डालने की अनुमति दी भी गई, तो श्रीलंका सरकार सुनिश्चित करेगी कि वे वहां से भारतीय हितों को नुकसान पहुंचाने वाली किसी गतिविधि में शामिल नहीं होंगे। दिसानायके अगले महीने चीन जाने वाले हैं। चूंकि भारत में पड़ोसी देशों के चीन से संबंध को लेकर एक खास तरह की संवेदनशीलता रहती है, इसलिए निश्चित रूप से यहां के कूटनीतिकों की नजर उस यात्रा पर रहेगी। फिलहाल, यह साफ हुआ है कि श्रीलंका की नई सरकार की अपनी प्राथमिकताएं हैं। 2022 में जिस आर्थिक संकट में देश फंसा था, उसके असर से आज भी नहीं उबर पाया है। ऊपर से आईएमएफ से लिए गए कर्ज की शर्तों ने सरकार के लिए नई चुनौतियां खड़ी की हैं। ऐसे में भारत जैसे बड़े पड़ोसी देश के साथ किसी विवाद में उलझने का जोखिम वहां की सरकार शायद ही उठा सकती है। मगर वह चीन की उपेक्षा करने की स्थिति में भी नहीं है, जिसका बहुत भारी निवेश श्रीलंका में है। संकेत यह है कि दिशानायके इन दोनों बड़े देशों की संवेदनशीलताओं का ख्याल करते हुए फिलहाल दोनों से सद्भावपूर्ण संबंध को प्राथमिकता दे रहे हैं। नई दिल्ली में यह संदेश देने के बाद उनकी कोशिश बीजिंग में भी ऐसा ही पैगाम देने की होगी। बहरहाल, भारत यात्रा के दौरान, जैसाकि अक्सर शिखर नेताओं की यात्रा के समय होता है, कुछ महत्त्वपूर्ण व्यापार एवं रक्षा समझौते भी हुए। इनसे भी सकारात्मक प्रभाव पैदा हुआ है। भारत के लिए अच्छी बात है कि जिस समय विभिन्न पड़ोसी देशों से चुनौती भरे संकेत आ रहे हैं, श्रीलंका ने उसे आश्वस्त किया है।

# दक्षेस से भारत को सतर्क रहने की जरूरत

डॉ. ब्रह्मदीप अलूने

महाशक्तियों की राजनीतिक और आर्थिक महत्त्वाकांक्षाओं ने तीसरी दुनिया के उभरने की संभावनाओं को सुनियोजित तरीके से खत्म कर दिया है। इसका प्रतिबिंब है दक्षिण एशिया और इन देशों का क्षेत्रीय संगठन दक्षेस जिसे सार्क भी कहा जाता है।

अमेरिकी प्रभाव में पाकिस्तान की जमीन का सैन्य कार्यों के लिए उपयोग और नेपाल के आधे-अधूरे लोकतंत्र पर चीनी कम्युनिज्म की काली छाया के चलते दक्षिण एशिया के देशों को एकजुट रखने का ख्वाब कई दशकों पहले ही टूट चूका है। इस क्षेत्र में विभिन्न देशों के बीच राजनीतिक मुद्दों पर गहरे तनाव बढ़े हैं तथा सांस्कृतिक टकराव की स्थितियां भी निर्मित हो गई है।

इन जटिल स्थितियों ने सबसे ज्यादा चोट दक्षेस की स्थापना को पहुंचाई है जिसका उद्देश्य दक्षिण एशिया को एकजुट करना और इसके देशों के बीच समृद्धि, विकास और शांति को बढ़ावा देना बताया जाता था। हाल ही में बांग्लादेश और पाकिस्तान के राष्ट्राध्यक्ष किसी तीसरे देश में मिले और उनके बीच सार्क को पुनर्जीवित करने पर बात हुई तो इसमें संभावनाएं कम और मनोवैज्ञानिक दबाव की कूटनीति ज्यादा नजर आई। दरअसल, बांग्लादेश में शेख हसीना के तख्तापलट के बाद भारत के इस पड़ोसी देश की राजनीतिक परिस्थितियों में भी भारी बदलाव देखने को मिल रहे हैं। लंबे समय से सत्ता पर काबिज शेख हसीना के खिलाफ छात्रों का आंदोलन देश में राजनीतिक परिवर्तन के तौर पर देखा जा रहा था, लेकिन बाद में कट्टरपंथी शक्तियों के प्रभाव में अब यह भारत विरोध के आंदोलन में परिवर्तित हो गया है।


बांग्लादेश की मौजूदा अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद युनूस की पाकिस्तान के साथ राजनीतिक मुद्दों पर समाधान की जल्दबाजी की कोशिशों में सकारात्मक पहल से ज्यादा भारत पर मनौवैज्ञानिक दबाव बनाने की कूटनीति ज्यादा नजर




आ रही है और इसकी छाया दक्षिण एशिया के देशों के बीच आपसी सहयोग की संभावनाओं को पूरी तरह खत्म कर सकती है। सार्क में आठ देश भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, श्रीलंका, नेपाल, भूटान, मालदीव और अफगानिस्तान शामिल है। 8 दिसम्बर 1985 को काठमांडू, नेपाल से शुरू हुए इस क्षेत्रीय संगठन को तीसरी दुनिया के हितों के संरक्षण के लिए उम्मीदों के तौर पर देखा गया था और यह विश्वास किया गया था कि यह एक साझी आवाज होगी जिससे इन देशों को वैश्विक मंच पर अपने मुद्दों को उठाने में मदद मिल सके। दक्षेस का पहला शिखर सम्मेलन 1985 में आयोजित हुआ था और इसके बाद से यह संगठन तमाम विरोधाभासों के बाद भी विभिन्न देशों के नेताओं की बैठकें आयोजित करता रहा है। यह संगठन क्षेत्रीय संघर्ष, आतंकवाद, नशीले पदाथरे की तस्करी और सीमा विवादों के समाधान के संभावनाओं पर भी काम करता है। दक्षिण एशिया दुनिया की सबसे पुरानी ज्ञात सभ्यताओं में से एक सिंधु सभ्यता का घर है और दुनिया की सबसे घनी आबादी वाले क्षेत्रों में से एक है। जातीय, भाषाई और राजनीतिक विखंडन के इतिहास के बावजूद, इस क्षेत्र के लोग एक समान सांस्कृतिक और नैतिक दृष्टिकोण से एकजुट माने जाते हैं। वैश्विक भुखमरी सूचकांक की एक रिपोर्ट में भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल और श्रीलंका की स्थिति बेहद निम्नतम बताई गई है। जलवायु परिवर्तन और कोविड महामारी से भुखमरी का संकट तो बढ़ा ही है साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार की समस्याएं भी विकराल हो गई है। दक्षिण एशिया के कई देश राजनीतिक उथल-पुथल के शिकार रहे हैं और भारत को छोड़कर अन्य देशों में अस्थिरता का अंदेशा बना रहता है। दक्षेस की स्थापना का उद्देश्य दक्षिण एशिया में आपसी सहयोग से शांति और प्रगति हासिल करना बताया गया था, लेकिन विभिन्न देशों के बीच विवाद इस पर पूरी तरह हावी रहे और इसी का परिणाम है कि दुनिया की बड़ी आबादी वाला यह संगठन आर्थिक समस्याओं का समाधान करने में विफल रहा है। चीन जैसी विदेशी संस्थाओं पर बहुत अधिक निर्भरता ने पाकिस्तान को आर्थिक रूप से कमजोर बना दिया है। इसका नतीजा यह हुआ है कि पाकिस्तान के पास अपने आयात बिलों का भुगतान करने के लिए कोई विदेशी जमा पूंजी शेष नहीं बची है। नेपाल और श्रीलंका की भी कुछ यही स्थिति है। दक्षिण एशिया में अफगानिस्तान का मानवीय संकट बेहद गंभीर अवस्था में पहुंच गया है। तालिबान के सत्ता में आने के बाद देश गरीबी से बेहाल है।

यहां दो करोड़ से ज्यादा लोगों पर भुखमरी का संकट गहरा रहा है और लोगों की जिंदगी मुश्किल में है। तालिबान के आने के बाद वैश्विक आर्थिक मदद बंद हो गई है और अमेरिका ने उस पर कई प्रतिबंध भी लगा दिए हैं। अफग़ान सरकार की संपत्ति,केंद्रीय बैंक का रिज़र्व सब फ्रीज़ कर दिया गया है। प्रतिबंधों के कारण वहां की अर्थव्यवस्था लडखड़ा गई है। मालदीव,बंगलादेश औए श्रीलंका चीन की कर्ज नीति के जाल में पूरी तरह फंस चूके है। दक्षिण एशिया की बहुसांस्कृतिक पहचान है और सभी देशों को अप्रिय स्थिति उत्पन्न न होने देने के लिए सतर्क रहने की जरूरत होती है। इस समय आवश्यकता इस बात की है कि दक्षेस के देश आपसी व्यापार और सम्बन्धों को बेहतर करके आपसी सहयोग को बढ़ाएं।

चीन जैसे देश का हस्तक्षेप दक्षिण एशिया के देशों के लिए घातक साबित हो रहा है। बांग्लादेश और पाकिस्तान दक्षिण एशिया में भारत के विकल्प के तौर पर चीन को प्रस्तुत करना चाहते है। इस क्षेत्र में चीन के लिए युआन को मजबूत करने के गहरे अवसर भी है। युआन कूटनीति में अधिनायकवाद, साम्यवादी आक्रामकता और मानवाधिकारों की अनदेखी शामिल है। राजनीतिक अस्थिरता से अभिशिप्त दक्षिण एशिया में चीनी प्रभाव पृथकतावाद को बढ़ावा दे रहा है और कई देशों की संप्रभुता को भी खतरे में डाल रहा है। भारत पर सामरिक दबाव बढ़ाने के लिए चीन ने भारत के पड़ोसी देशों में सहायता की कूटनीति से अपना प्रभाव बढ़ाया है। अब दक्षेस पर उसकी नजर है। दक्षेस में कभी भारत की राजनीतिक हैसियत बहुत मजबूत हुआ करती थी, लेकिन अब स्थितियां बदल चुकी है। भविष्य में यह भारत विरोधी देशों का मंच नहीं बन जाए इसे लेकर भारत को सतर्क रहने की जरूरत है।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज में श्री बड़े हनुमान जी मंदिर में पूजा की.

# सिंचाई के क्षेत्र में मध्यप्रदेश ने वर्ष 2024 में लिखा नया अध्याय

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की दूरदृष्टि और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के अथक प्रयासों के फलस्वरुप वर्ष 2024 में मध्यप्रदेश में सिंचाई के क्षेत्र में नया अध्याय लिखा गया है। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेई के "नदी जोड़ो" के सपने को साकार करते हुए प्रदेश में देश की दो बड़ी अति महत्वाकांक्षी एवं बहुउद्देशीय सिंचाई परियोजनों का आगाज हुआ। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में 17 दिसंबर को जयपुर में पार्वती- कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना पर मध्य प्रदेश, राजस्थान और केन्द्र सरकार के बीच अनुबंध सहमति पत्र (मेमोरेंडम ऑफ एग्रीमेंट) हस्ताक्षरित किए गए। इसी प्रकार प्रधानमंत्री श्री मोदी ने 25 दिसंबर को खजुराहो, छतरपुर में केन-बेतवा राष्ट्रीय नदी जोड़ो परियोजना का शिलान्यास किया। केन-बेतवा लिंक राष्ट्रीय परियोजना, देश में भूमिगत दाब युक्त पाइप सिंचाई प्रणाली अपनाने वाली सबसे पहली और बड़ी सिंचाई परियोजना है।

मध्यप्रदेश सरकार किसान हितैषी सरकार है। इसे सबसे ज्यादा फिक्र अपने अन्नदाता की रहती है। सरकार निरंतर हर खेत तक पानी पहुंचाने के कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और जल संसाधन मंत्री श्री तुलसी राम सिलावट के नेतृत्व में प्रदेश के जल संसाधन विभाग की विभिन्न वृहद, मध्यम एवं सूक्ष्म सिंचाई परियोजनाओं के माध्यम से मध्य-प्रदेश में निरंतर सिंचाई का रकबा बढ़ रहा है। किसान पहले दो फसल ले पाते थे, अब तीसरी फसल भी लेने लगे हैं। साथ ही कृषि उत्पादन में भी वृध्दि हुई है। प्रदेश की धरती सुजलाम सुफलाम हो रही है।



सरकार के निरंतर प्रयासों से प्रदेश में सिंचाई के रकबे में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। वर्ष 2003 में जहां प्रदेश का सिंचाई रकबा लगभग 3 लाख हेक्टेयर था, आज बढ़कर लगभग 50 लाख हेक्टेयर हो गया है। प्रदेश की निर्मित और निर्माणाधीन सिंचाई परियोजनाओं से प्रदेश में वर्ष 2025-26 तक सिंचाई का रकबा लगभग 65 लाख हेक्टेयर होने की संभावना है। सरकार ने वर्ष 2028-29 तक प्रदेश की सिंचाई क्षमता 1 करोड़ हेक्टेयर तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया है और उसके लिए प्रदेश में तेज गति से कार्य किया जा रहा है। सरकार ने विभाग के लिए बजट में भी पर्याप्त राशि का प्रावधान किया है। वर्ष 2024-25 के बजट में सिंचाई परियोजनाओं के निर्माण एवं संधारण के लिए 13 हजार 596 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

इस परियोजना से मध्यप्रदेश के 10 जिलों छतरपुर, पन्ना, टीकमगढ़, निवाड़ी, दमोह, शिवपुरी, दतिया, रायसेन, विदिशा और सागर में 8 लाख 11 हजार हेक्टेयर क्षेत्र को सिंचाई की सुविधा मिलेगी और 44 लाख किसान परिवार लाभान्वित होंगे। फसलों के उत्पादन एवं किसानों की आय में वृद्धि से ग्रामीण अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी और जल विद्युत परियोजनाओं के निर्माण से हरित ऊर्जा में 103 मेगावॉट योगदान के साथ रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। बेहतर जल प्रबंधन एवं औद्योगिक इकाइयों को पर्याप्त जल आपूर्ति से औद्योगिक विकास होगा और रोजगार को बढ़ावा भी मिलेगा। इस परियोजना से उत्तर प्रदेश में 59 हजार हेक्टेयर वार्षिक सिंचाई सुविधा प्राप्त होगी एवं 1.92 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में मौजूदा सिंचाई का स्थिरीकरण किया जायेगा, जिससे उत्तर प्रदेश के महोबा, झांसी, ललितपुर एवं बांदा जिलों में सिंचाई सुविधा प्राप्त होगी। परियोजना से मध्यप्रदेश की 44 लाख और उत्तर प्रदेश की 21 लाख आबादी को पेयजल की सुविधा उपलब्ध होगी

पार्वती-कालीसिंध-चंबल नदी लिंक परियोजना से मालवा और चंबल क्षेत्र की तस्वीर एवं तकदीर बदलेगी। सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में तरक्की होगी। इस परियोजना से प्रदेश के मालवा और चंबल क्षेत्र में 6 लाख 13 हजार 520 हेक्टेयर में सिंचाई होगी और 40 लाख की आबादी को पेयजल उपलब्ध होगा। इसके अतिरिक्त लगभग 60 वर्ष पुरानी चंबल दाईं मुख्य नहर एवं वितरण तंत्र प्रणाली के आधुनिकीकरण कार्य से भिंड, मुरैना एवं श्योपुर जिलों के 1205 ग्रामों में 03 लाख 62 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में कृषकों की मांग अनुसार पानी उपलब्ध कराया जाएगा।




मेष राशि-आज आपका दिन शानदार रहेगा। परिवार वालों का हंसी-मजाक भरा बरताव घर के वातावरण को और खुशनुमा बनाये रखेगा, साथ ही आपकी निजी लाइफ बेहतर रहेगी। आज आपके विरोधी आपसे काम में आपकी राय मागेंगे। सरकारी विभाग के लोगों की नौकरी में सुखद परिवर्तन आयेगा, ट्रान्सफर से जुड़ी अच्छी खबर मिलेगी।

वृष राशि-आज आपका दिन मिला-जुला रहने वाला है। आज किसी काम के सिलसिले में भाग-दौड करेंगे। इस राशि के छात्र जो किसी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं, उन्हें जल्द सफलता मिलेगी। आज दान पुण्य के कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी। आज आपकी बातों से दोस्त प्रभावित होंगे। गृहस्थ जीवन सुखी रहेगा। व्यापारियों को आज अधिक लाभ होगा।

मिथुन राशि-आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपको जरूरतमंद लोगों की मदद करने का मौका मिलेगा, इससे आपको बेहद खुशी मिलेगी। आज किसी समान की श्व.रूढ्ढ. पूरी हो जाएगी, नया समान लेने का भी मन बनायेंगे। आज बच्चे अपने किसी निर्णय में आपकी सलाह लेंगे। आज ऑफिस के कार्यों में व्यस्त रहेंगे। स्वास्थ्य के नजरिये से आज का दिन अच्छा रहेगा। आप दूसरों के साथ बेहद व्यवहारिक रहेंगे। अपनी बात को सकारात्मक ढ़ंग से लोगों के सामने रखेंगे, तो फायदा होगा।

कर्क राशि-आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। इलेक्ट्रॉनिक्स के कारोबारियों को लाभ के योग बन रहे हैं। आप अपने व्यस्त दिनचर्या में से कुछ समय अपने बच्चों के लिए निकालेंगे, उनके साथ खूब इंजॉय करेंगे। आज शाम का डिनर बाहर करेंगे। शिक्षकों के ट्रान्सफर की परेशानियां खत्म होंगी। आज व्यापार में सफलता के अनेक अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के लिहाज से आज का दिन बढ़िया रहेगा। पारिवारिक मुद्दों पर फैसले लेने के लिए आज का दिन अच्छा है। घर में सभी के साथ अच्छा तालमेल बना रहेगा।

सिंह राशि-आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थल पर जा सकते है। आज आपका मन किसी रचनात्मक कार्य में लगेगा। आज लोगों से आपका संपर्क जुड़ेगा जो आपके लिए मददगार साबित होगा। होटल के कारोबारियों को आज रोज की अपेक्षा ज्यादा लाभ होने वाला है। साथ ही आपकी आमदनी में बढ़ोतरी होगी। आज परिवार के लोगों के साथ किसी धार्मिक स्थल पर दर्शन करने जाएंगे। आज वाहन चलाते समय आपको सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

कन्या राशि-आज आपका दिन नई उमंगें लेकर आया है। काफी समय से किसी उलझन में पड़े लोग, आज उसका समाधान ढूंढ लेंगे। नौकरी कर रहे लोगों को आज तरक्की के अवसर मिलेंगे। आपकी बात करने की कला से लोग प्रभावित होंगे। आपकी तरक्की के चांसेस बढ़ेंगे। परिवार में एक दूसरे को समझकर आगे बढ़ेंगे। आज आपका स्वास्थ्य फिट रहने वाला है। इस राशि के कपड़ा व्यापारी अपने कारोबार को और बढ़ाने का विचार करेंगे।

तुला राशि-आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। कारोबार में अपनी मेहनत से आगे बढ़ेंगे। आज अच्छी खबर सुनने को मिलेगी। आज बच्चों के साथ समय बिताएंगे, उनके मन की बातों को समझेंगे। आज बाहर के ऑयली खाने को जहां तक हो सके अवॉयड करें। आज बिना किसी के मदद के भी आप धन कमा पानेस में सक्षम होंगे, बस आपको खुद पर विश्वास करने की जरूरत है। दोस्तों के साथ आज मूवी देखने का प्लान कर सकते हैं। बुजुर्गों को अपनी सेहत में बदलाव नजर आएगा, जिससे आप बेहतर महसूस होगा। आज अपनी गलतियों को सुधारने का दिन है। आपको कुछ कार्यों से उलझन हो सकती है।

वृश्चिक राशि-आज आपका दिन अनुकूल रहने वाला है। जॉब की तलाश कर रहे लोगों को किसी अच्छी कंपनी में जॉब मिलेगी। छात्रों का आज पढ़ाई में मन लगेगा। साथ ही किसी प्रतियोगिता में भाग लेंगे। आज किसी को दिए रुपए आपको वापस मिलेंगे। अपने रुके कार्य को पूरी मेहनत से आज पूरा कर लेंगे। आपके दांपत्य जीवन में सुख सौहार्द्र बढ़ेगा, साथ ही बच्चों के साथ पिकनिक का प्रोग्राम बना सकते हैं। बॉस आपकी मेहनत से खुश होंगे।

धनु राशि-आज आपका दिन व्यस्तता से भरा रहने वाला है। आज व्यक्तिगत जीवन की जिम्मेदारियों का निर्वाहन करेंगे। इस राशि के राजनीति से जुड़े लोगों को अन्य लोगों का समर्थन मिलेगा। लोग आपके कार्यों की तारीफ करेंगे। अपने बिजी दिन में कुछ समय अपने लिए निकालेंगे, उस समय में आप अपना पसंदीदा कार्य करेंगे। आज आप अपने बच्चों को लेकर शॉपिंग मॉल जाएंगे, जहां बच्चे काफी खुश नजर आएंगे। पारिवारिक रिश्तों में मजबूती आएगी।

मकर राशि-आज आपका दिन ख़ुशी से भरा रहेगा। अपनी क्षमताओं को पहचाने क्योंकि आपके अंदर ताकत की नहीं बल्कि इच्छाशक्ति की कमी है। सॉफ्टवेयर इंजीनियर्स को प्रमोशन के अच्छे चांस मिलेंगे। आज बेटी के परीक्षा का अच्छे रिजल्ट से पारिवारिक माहौल खुशनुमा बनेगा। आपको किसी रिश्तेदार को दिया धन वापस मिल जायेगा। साथ ही अधूरी कार्य योजनाओं को पूरा करने में बड़ों का आशीर्वाद मिलेगा।

कुंभ राशि-आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। आज शुभ समाचार मिलने के योग बने हुए है, जिससे पूरे दिन आप खुश रहेंगे। आज आपको धन लाभ के अवसर मिलेंगे, किसी भी अवसर को हाथ से न जाने दें। आज आपकी कोशिशें कामयाब होंगी। आज आप पिता द्वारा दी गयी जिम्मेदारियां निभाने का पूर्ण प्रयास करेंगे। आज व्यापार में स्थिति अनुकूल बनी रहेगी। इस राशि के छात्रों को सफलता तक पहुंचने में कामयाबी मिलेगी।

मीन राशि-आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपकी वाणी में मधुरता आएगी, जिससे लोग आपकी बातों से प्रभावित होंगे। पेट की समस्या से परेशान लोगों को ऑयली खाने से बचना चाहिए। आज संतान पक्ष से सुखद अनुभूति होगी। आज आपको आय के स्रोत मिलेंगे।

# एक अच्छे, भले और नेक प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह

हरिशंकर व्यास

शीर्षक चौंका सकता है। पर जरा समकालीन भारत अनुभवों और उनकी दिशा में झांके तो अगले बीस-पच्चीस वर्षों की क्या भारत संभावना दिखेगी? भारत पिछले दस वर्षों की विरासत में कदम उठाता हुआ होगा। इस विरासत का मंत्र और अनुभव बुद्धि नहीं लाठी है। हार्वर्ड नहीं हार्डवर्क है। सत्य नहीं झूठ है। सौम्यता नहीं अहंकार है। विनम्रता नहीं निष्ठुरता है। कानून नहीं बुलडोजर है। मान मर्यादा नहीं लंगूरपना है। विचार और बहस नहीं गाली तथा ट्रोल है। तर्क नहीं है लाठी है। प्रबुद्धता नहीं मूर्खता है। चाल, चेहरा, चरित्र नहीं, बल्कि अकड़, लालच और कदाचार है। इस तरह का निष्कर्ष 2014 के समय में अकल्पनीय था। तब अन्ना हजारे, रामदेव, अरविंद केजरीवाल, नरेंद्र मोदी के हुंकारों, आंदोलनों के उमड़े जन सैलाबों की तलहटी में सत्य छुपा हुआ था। अज्ञात था। ऐसा होना हम हिंदुओं की नियति से है। हिंदुओं का भाग्य है जो वह गांधी के पीछे चले या अन्ना हजारे के या हाथ में कमल ले कर चले या झाड़ू, उसे वही झूठा अवतार मिलता है जो उसकी कलियुगी नियति है।

उस नाते डॉ. मनमोहन सिंह स्वतंत्र भारत के इतिहास में अपवाद थे। वे अकेले प्रधानमंत्री हैं, जिनकी शख्सियत ने झूठ, फरेब से लोगों का बहकाने, लोगों में जादू बनाने, दैवीय अवतार की इमेज बनाने, लोगों को डराने धमकाने या उनके वोट खरीदने जैसा वह कोई छल नहीं किया, वह राजनीति नहीं की जो आजाद भारत की राजनीति का ट्रेंडमार्क है। बावजूद इसके वे भारत के वित्त मंत्री और प्रधानमंत्री थे। उसी के कर्म फल में वैश्विक बिरादरी तक ने, उन्हे स्मरण करते हुए एक युगांतरकारी, बुद्धिमान, समझदार, सौम्य और श्रेष्ठ प्रधानमंत्री की सच्ची भाव भंगिमा में श्रद्धांजलि दी है।

यह वस्तुनिष्ठ श्रद्धांजलि पिछले दस वर्षों के नरेंद्र मोदी, अरविंद केजरीवाल के शासन अनुभवों के परिप्रेक्ष्य में, समकालीन अनुभवों के संदर्भ तथा भारत की भावी दिशा के भान से भी है। इतिहास की कसौटी है जो घटना और नेतृत्व का मूल्यांकन पचास साल बाद किया जाता है। कोई युद्ध हुआ, राजा या प्रधानमंत्री मरा तो उसके बाद के अनुभवों, प्रभावों के पच्चीस-पचास साल बाद ही इतिहास फैसला लेता है कि नेहरू ने भारत बनाया था या बिगाड़ा था। नेहरू के आइडिया ऑफ इंडिया और उसकी विरासत के प्रधानमंत्री और राजनीति देश हित में थी या देश को बरबादी की और ले जाने वाली।



डॉ. मनमोहन सिंह की शख्सियत कर्तव्यनिष्ठ थी। इतिहास निरपेक्ष थी। शासन के आखिर में जरूर उन्होंने अन्ना हजारे-केजरीवाल-मोदी के भूचालों में अपने मुंह से यह बोला था, उम्मीद जताई थी कि इतिहास उनके प्रति दयालु होगा!

और मेरी राय में उनका इतिहास भारत के आखिरी बुद्धिमान, उम्दा प्रधानमंत्री के नाते अमिट है। एक अच्छे', भले' और नेक' प्रधानमंत्री। और सोचें, इन तीन शब्दों से अधिक मनुष्यों के बीच मनुष्य को और क्या पुण्यता चाहिए!

मैंने बतौर पत्रकार उनके प्रधानमंत्री रहते उनकी आलोचना की है तो उनकी प्रशंसा भी की। तारीफ खासकर तब जब डॉ. मनमोहन सिंह ने अपने पहले कार्यकाल में अमेरिका के साथ एटमी करार के लिए अपनी सरकार दांव पर लगाई थी। जिस वाम मोर्चे पर मनमोहन सरकार टिकी थी उसके घोर विरोध, सीपीएम नेता प्रकाश करात द्वारा सैद्धांतिक आधार पर वैयक्तिक प्रतिष्ठा दांव पर लगाने तथा वामपंथी पत्रकारों की चिल्लपों, सोनिया गांधी व अहमद पटेल की चिंताओं के बावजूद मनमोहन सिंह ने एटमी करार किया। भारत का वैश्विक अछूतपन मिटाया। वह फैसला देश की सामरिक चिंता, सुरक्षा, भू राजनीति और वैश्विक जमात में भारत के स्थान के खातिर वैसा ही दुस्साहसी फैसला था जैसा मनमोहन सिंह का प्रधानमंत्री पीवी नरसिंह राव की कमान में वित्त नीति में परिवर्तनों का था।

मेरा पीवी नरसिंह राव के समय से ऑब्जर्वेशन रहा है कि मनमोहन सिंह ने प्रधानमंत्री बनने के बाद भी कभी यह नहीं कहा कि उनके कारण आर्थिक सुधार और उदारवाद आया। वे कभी अहंकार में या अनजाने में भी यह नहीं बोले कि मैंने, या मेरे कारण भारत के उदारवादी निर्णय हुए। इसलिए क्योंकि वे पीवी नरसिंह राव की बुद्धिमत्ता, दूरदृष्टि और समझदारी के कायल थे। मेरा डॉ. मनमोहन सिंह से कभी नाता नहीं रहा लेकिन मैं पीवी नरसिंह राव, प्रधानमंत्री दफ्तर संभालने वाले भुवनेश चतुर्वेदी, पीवीआरके प्रसाद और इनके घेरे को गहराई से जानता था इसलिए प्रत्यक्ष प्रमाण में सामने था कि कैसे राजनीतिक दबावों, कैबिनेट के भीतर की चुनौतियों और दस, जनपथ की चिंताओं के बीच प्रधानमंत्री के कवच से डा. मनमोहन सिंह ने पहला साहसी बजट पेश किया। कैसे खुद प्रधानमंत्री ने स्वंय उद्योग मंत्रालय संभालते हुए लाइसेंस, परमिट राज को खत्म करने की घोषणाएं कीं!

वह मौनी बाबा की मौन क्रांति थी। तभी स्वतंत्र भारत के इतिहास का सत्य है कि बुद्धि, विवेक और समझदारी के प्रतिमान पीवी नरसिंह राव ने उबलते पंजाब, बागी कश्मीर तथा अराजक उत्तर-पूर्व को सामान्य बनाया तो बाबरी मस्जिद के ध्वंस को भी विवेक से सहा। दिलचस्प संयोग है कि पीवी नरसिंह राव ने पांच साल के आखिर में तथा मनमोहन सिंह ने दस साल शासन के आखिर में, दोनों ने एक जैसे बवंडरों का सामना किया। बावजूद इसके इतिहास दोनों के प्रति दयालु है। दुनिया में यदि भारत के वित्तीय, आर्थिक, सामरिक तथा कूटनीतिक प्रतिमानों में किसी को याद किया जाता है तो उनमें भारतीय नाम पीवी नरसिंह राव और मनमोहन सिंह के हैं।

अद्भुत है! स्मृति पर जोर डालें। याद करें पीवी नरसिंह राव, के खिलाफ अर्जुन सिंह, फोतेदार, नटवर सिंह, नारायण दत्त तिवारी सहित कांग्रेस के तमाम दरबारियों, वामपंथी-सेकुलर आलोचकों से लेकर हर्षद मेहता, जेठमलानी, अचार कारोबारी लक्खू भाई और विश्वासघाती सीताराम केसरी जैसे चेहरों के बनाए झूठे बवंडर को। सभी को इतिहास मिट्टी की धूल सा मिटा चुका है। और इतिहास में कीर्ति अंकित है तो वह नरसिंह राव की है। ऐसे ही याद करें, मनमोहन सिंह के खिलाफ बवंडर पैदा करने वाले विनोद राय, प्रशांत भूषण, योगेंद्र यादव, अन्ना हजारे, रामदेव, अरविंद केजरीवाल, नरेंद्र मोदी एंड पार्टी को! क्या इनमें से कोई एक भी सच्चा साबित हुआ? जो लोग नरेंद्र मोदी और अरविंद केजरीवाल को भगवान, अवतार, मसीहा मानते हैं, उन्हें और उनकी भावना को दरकिनार करके सोचें तो मनमोहन सिंह ने मनुष्य रूप में दस वर्ष भारत का जो शासन किया वह किस कसौटी पर बुरा था? क्या वे भ्रष्ट प्रमाणित हैं? क्या पूंजीवाद और उदारवाद के आस्थावान डॉ. मनमोहन सिंह पर ये आरोप हैं कि उनकी बदौलत गौतम अडानी जैसे किसी क्रोनी पूंजीपति ने भारत को चूना लगाया। दुनिया में भारत को बदनाम बनाया?

# दिल्ली में छाया घना कोहरा, साल के अंतिम दिन भी शीतलहर से राहत नहीं



## आईएमडी ने बताया मौसम का हाल

नई दिल्ली (ए)। नया साल आने में कुछ ही घंटे शेष बचे है। नए साल के उत्साह के बीच नई दिल्ली को शीत लहर से कोई राहत नहीं मिली है। राष्ट्रीय राजधानी 2024 के आखिरी दिन भी भीषण ठंड की चपेट में है और ठिठुर रही है। रात के तापमान में भारी गिरावट के बाद, दिल्ली में एक बार फिर घने कोहरे के साथ सुबह हुई है। वहीं कैलेंडर में तारीख बदलने के अलावा दिल्ली के हालात नहीं बदलें है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के पूर्वानुमान के अनुसार, 31 दिसंबर (नए साल की पूर्व संध्या) को आसमान में बादल छाए रहेंगे। पूर्वानुमान के अनुसार, तापमान न्यूनतम 10.05 डिग्री सेल्सियस से अधिकतम 20.84 डिग्री सेल्सियस तक रहने की उम्मीद है। आईएमडी के पूर्वानुमान के अनुसार, दिल्लीवासियों को नए साल में शीत लहर से जल्द राहत मिलने की संभावना नहीं है। आईएमडी ने कहा कि नई दिल्ली में 1 जनवरी को न्यूनतम और अधिकतम तापमान क्रमशः 13.57 डिग्री सेल्सियस और 22.18 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है।

हालांकि, जनवरी के दूसरे सप्ताह में तापमान में थोड़ी वृद्धि होने की उम्मीद है। अगले कुछ दिनों तक घने कोहरे की स्थिति बनी रहेगी, लेकिन 3 जनवरी से इसमें सुधार होने की उम्मीद है। ठंड के कारण उत्तर-पश्चिम भारत में दृश्यता प्रभावित होने तथा दिन के तापमान में उल्लेखनीय गिरावट आने की संभावना है। दिल्लीवासी जहां नए साल का स्वागत करने में जुटे हैं, वहीं उन्हें शीत लहर और वायु प्रदूषण से भी जूझना पड़ सकता है।

### हरियाणा में भाजपा ने 41 लाख से ज्यादा नए सदस्य बनाए : मोहन लाल बडौली

चंडीगढ़ (आरएनएस)। हरियाणा भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बडौली ने चंडीगढ़ में आयोजित एक प्रेस वार्ता में पार्टी की हालिया उपलब्धियों और आगामी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हाल ही में हरियाणा भाजपा की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें सदस्यता अभियान, संगठनात्मक ढांचे और आगामी चुनावी तैयारियों पर चर्चा की गई। बडौली ने बताया कि भाजपा ने सदस्यता अभियान के तहत 41 लाख नए सदस्य बनाए हैं। इसके साथ ही पार्टी ने 31 हजार से अधिक सक्रिय सदस्य बनाए, जो संगठन के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा, हमने प्रत्येक बूथ पर तीन सक्रिय सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा था, जिसे सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि पार्टी ने जिलों और मंडलों में मजबूत संगठनात्मक ढांचा तैयार किया है। मंडलों की संख्या को 313 से बढ़ाकर 376 कर दिया गया है। मंडलों के चुनाव के बाद जिलों के चुनाव कराए जाएंगे।



दिल्ली में पुजारी-ग्रंथी सम्मान योजना के पंजीकरण की शुरुआत करने के लिए आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के संभावित दौरे से पहले भाजपा और आप कार्यकर्ताओं ने कनॉट प्लेस के हनुमान मंदिर में एक-दूसरे के खिलाफ नारेबाजी की।

## आईआरसीटीसी का सर्वर फिर हुआ ठप, तत्काल बुकिंग के समय परेशान हुए यात्री




नई दिल्ली (ए)। इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन (आईआरसीटीसी) ऐप और वेबसाइट को आज सुबह 31 दिसंबर की सुबह एक और आउटेज का सामना करना पड़ा। दिसंबर में यह तीसरी बार है जब आईआरसीटीसी ऐप और वेबसाइट को आउटेज का सामना करना पड़ा है। संयोग से, ऐसा लगता है कि तीनों बार कटौती सुबह 9.50 बजे के आसपास शुरू हुई, जो तत्काल टिकट बुकिंग शुरू होने से 10 मिनट पहले है। इस कटौती के कारण ट्रेन टिकट बुक करने का प्रयास करने वाले यात्रियों के लिए व्यापक व्यवधान उत्पन्न हुआ है। उपयोगकर्ताओं ने आउटेज की शिकायत करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया। डाउनडिटेक्टर के अनुसार, लगभग 47 प्रतिशत उपयोगकर्ता वेबसाइट तक पहुंचने में असमर्थ थे, जबकि 42 प्रतिशत को ऐप के साथ समस्याओं का सामना करना पड़ा, और 10 प्रतिशत टिकट बुकिंग पूरी नहीं कर सके। डाउनडिटेक्टर के आगे के नंबरों से पता चला कि आउटेज, जो सुबह 10 बजे के आसपास शुरू हुआ, जिसके परिणामस्वरूप लॉगिन समस्याएं, शेड्यूल और किराए की खोज में कठिनाइयां और लेनदेन त्रुटियां हुईं। सुबह करीब 9.48 बजे तक किसी भी तरह की रुकावट की कोई खबर नहीं थी। साइट पर आईआरसीटीसी का संदेश यह संकेत देता है कि साइट एक घंटे में वापस आ जानी चाहिए, लेकिन इससे उपयोगकर्ता उपलब्ध छोटी विंडो के दौरान तत्काल टिकट बुक करने से चूक सकते हैं। जब उपयोगकर्ताओं ने आईआरसीटीसी वेबसाइट पर लॉग इन किया तो उन्हें यह संदेश मिला सभी साइट के लिए बुकिंग और कैंसिलेशन अगले एक घंटे तक उपलब्ध नहीं होगी। हुई असुविधा के लिए गहरा खेद है। रद्दीकरण/फ़ाइल टीडीआर के लिए, कृपया ग्राहक सेवा नंबर पर कॉल करें। 14646,08044647999 और 08035734999 या etickets@irctc.co.in पर मेल करें।

### दिल्ली पुलिस ने अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों पर की कार्रवाई, पकड़े गए मां-बेटे

नई दिल्ली (आरएनएस)। दक्षिण पश्चिम दिल्ली की पुलिस टीम ने अवैध रूप से रह रहे दो बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान नईम खान और उसकी मां नजमा खान के रूप में हुई है। नईम खान (22 वर्ष) बांग्लादेश के खुलना जिले के ग्राम सुंदर गुना का निवासी है। नईम ने 2020 में पश्चिम बंगाल की सीमा के माध्यम से भारत में प्रवेश किया था। मां-बेटा कटवारिया सराय में रहते हैं। पुलिस टीम को 29 दिसंबर 2024 को गुप्त सूचना मिली कि एक संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिक दिल्ली के पिप्पल चौक स्थित शास्त्री मार्केट में मौजूद है। सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने नईम खान को गिरफ्तार किया और वेरिफाई किया तो बांग्लादेशी होने का पता चला। नईम ने बताया कि उसके परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर थी, जिसके कारण वह स्कूल नहीं जा सका और भारत में अवैध रूप से प्रवेश किया।

# अंतरिक्ष में भारत की धाक, स्पैडेक्स के प्रक्षेपण पर केंद्रीय मंत्री ने जताई खुशी

नई दिल्ली (ए)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने दो अंतरिक्ष यान सफलतापूर्वक लॉन्च किए हैं जो भविष्य के अंतरिक्ष मिशनों के लिए डॉकिंग नामक एक महत्वपूर्ण तकनीक का प्रदर्शन करने में मदद करेंगे। इसरो के दो अंतरिक्ष यान सोमवार की देर रात सफलतापूर्वक एक दूसरे से अलग हो गए और उन्हें वांछित कक्षा में स्थापित कर दिया गया। अंतरिक्ष एजेंसी ने इसकी जानकारी दी। स्पैडेक्स मिशन के सफल प्रक्षेपण पर केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने खुशी जताई। उन्होंने कहा कि भारत स्वदेशी रूप से विकसित भारतीय डॉकिंग सिस्टम के माध्यम से अंतरिक्ष डॉकिंग हासिल करने वाले चुनिंदा देशों की सूची में शामिल होने वाला चौथा देश बन गया है।

इसरो के प्रमुख एस सोमनाथ ने कहा कि रॉकेट ने 15 मिनट की उड़ान



के बाद उपग्रहों को 475 किलोमीटर की वृत्ताकार कक्षा में स्थापित कर दिया है। उन्होंने मिशन नियंत्रण केंद्र से अपने संबोधन में कहा कि रॉकेट ने दोनों अंतरिक्ष यान को सही कक्ष में स्थापित कर दिया है तथा स्पैडेक्स उपग्रह एक के पीछे एक चले गए हैं तथा समय के साथ यह और अधिक दूरी तय करेगा। यह लगभग 20 किमी दूर तक जाएगा जिसके बाद इन्हें मिलाने और डॉकिंग प्रक्रिया शुरू होगी। हम आशा करते हैं कि डॉकिंग प्रक्रिया अगले एक सप्ताह में पूरी हो जाएगी। उम्मीद है कि सात जनवरी तक प्रक्रिया पूरी हो सकती है।

इस अभियान को इसरो द्वारा 2035 तक खुद का अंतिरक्षस्टेशन स्थापित करने से पहले का एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। पीएसएलवी सी-60 अभियान के कारण भारत एक विशिष्ट क्लब में शामिल हो जाएगा, क्योंकि वह इस महत्वपूर्ण लक्ष्य को कुछ दिन में हासिल कर लेगा। पीएसएलवी रॉकेट की लंबाई44.5 मीटर है और इसके जरियेदो अंतरिक्ष यान- स्पेसक्राफ्ट ए (एसडीएक्स01) और स्पेसक्राफ्ट बी (एसडीएक्स02) को भेजा गया, जिसमें प्रत्येक का वजन 220 किलोग्राम है। इससे स्पेस डॉकिंग, सैटेलाइट सर्विसिंग और अंतरग्रहीय मिशनों में मदद मिलेगी।

### इसरो ने लहराया भारत का परचम, स्पैडेक्स मिशन सफलतापूर्वक लॉन्च

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने सोमवार को स्पैडेक्स मिशन को सफलतापूर्वक लॉन्च किया, जिसका लक्ष्य अंतरिक्ष में डॉकिंग तकनीक में महारत हासिल करना है। स्पेस डॉकिंग एक्सपेरीमेंट (स्पैडेक्स) मिशन के तहत दो उपग्रहों को 30 दिसंबर को श्रीहरिकोटा से पीएसएलवी-सी60 रॉकेट के जरिए प्रक्षेपित किया गया। रॉकेट ने दोनों उपग्रहों को कुछ दूरी पर एक ही कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित किया। इसरो ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, स्पैडेक्स तैनात! स्पैडेक्स उपग्रहों का सफल पृथक्करण भारत की अंतरिक्ष यात्रा में एक और मील का पत्थर है। इससे पहले रॉकेट की लॉन्चिंग पर उसने लिखा था, लिफ्टऑफ! पीएसएलवी-सी60 ने स्पैडेक्स और 24 पेलोड को सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया। अमेरिका, रूस और चीन के बाद भारत अब डॉकिंग तकनीक में महारत हासिल करने वाला चौथा देश बनेगा।



नई दिल्ली। आप संयोजक अरविंद केजरीवाल अपनी पत्नी सुनीता केजरीवाल के साथ पुजारियों से मिले और नई दिल्ली में पुजारी ग्रंथी सम्मान योजना का पंजीकरण शुरू किया।

## यश ने अपने प्रशंसकों से सुरक्षा और सावधानी को प्राथमिकता देने की अपील की

मुंबई (आरएनएस)। रॉकिंग स्टार यश ने अपने जन्मदिन से पहले एक भावपूर्ण पत्र में प्रशंसकों से सुरक्षा और सावधानी को प्राथमिकता देने की अपील की है। केजीएफ फ्रैंचाइज़ से वैश्विक स्तर पर स्टार बनने वाले रॉकिंग स्टार यश का अपने प्रशंसकों के साथ हमेशा एक खास रिश्ता रहा है। जैसे-जैसे साल खत्म होने वाला है, यश ने अपने प्रशंसकों से आग्रह किया है कि वे जश्न के दौरान अपनी सुरक्षा और सावधानी को प्राथमिकता दें, खासकर उनके जन्मदिन के दौरान। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उन्हें खुशी इस बात से है कि उनके प्रशंसक असाधारण प्रदर्शनों में शामिल होने के बजाय अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर रहे हैं और आगे बढ़ रहे हैं। अपने प्रशंसकों को संबोधित एक भावपूर्ण पत्र में, यश ने प्यार व्यक्त करने के तरीके को बदलने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने अतीत में अपने जन्मदिन के जश्न के दौरान हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं पर विचार किया, जिसके परिणामस्वरूप दुखद रूप से लोगों की जान चली गई। इस साल की शुरुआत में उनके पिछले जन्मदिन (2024) पर कर्नाटक के गडग जिले में उनके तीन प्रशंसकों ने एक बड़ा जन्मदिन कटआउट लगाते समय अपनी जान गंवा दी थी।

# सीएम आतिशी ने ग्रंथियों का किया रजिस्ट्रेशन, गुरुद्वारा साहिब में प्रार्थना भी की

नई दिल्ली (ए)। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने मंगलवार को पुजारी-ग्रंथी सम्मान योजना योजना के तहत ग्रंथियों का पंजीकरण करने के लिए करोल बाग इलाके में संत सुजान सिंह महाराज गुरुद्वारा का दौरा किया। उन्होंने गुरुद्वारे के ग्रंथियों को अपनी पार्टी द्वारा घोषित योजना के लिए पंजीकृत करवाया, जिसके तहत पुजारियों और ग्रंथियों को मासिक मानदेय दिया जाएगा। उनकी यात्रा उनकी पार्टी सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल द्वारा दिल्ली के एक मंदिर में योजना शुरू करने के कुछ घंटों बाद हो रही है। दिल्ली की सीएम आतिशी ने कहा मुझे खुशी है कि अरविंद केजरीवाल द्वारा शुरू की गई पुजारी ग्रंथी सम्मान योजना के लिए पंजीकरण आज से शुरू हो गया है। ग्रंथी (गुरुद्वारा पुजारी) ने कहा कि महाराजा रणजीत सिंह की सरकार के बाद संभवतः यह पहली सरकार है जो ग्रंथियों के लिए चिंतित है... दिल्ली में जब अरविंद केजरीवाल सरकार बनेगी तो हर मंदिर और गुरुद्वारा के पुजारी को इस योजना के तहत 18,000 रुपये मिलेंगे। इससे पहले अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट करते हुए कहा कि आज मरघट वाले बाबा के मंदिर में दर्शन किए और पुजारी ग्रंथी सम्मान योजना का शुभारंभ किया। यहाँ के महंत जी का आज जन्मदिन है। उनके साथ जन्मदिन भी मनाया। बीजेपी ने आज रजिस्ट्रेशन



रोकने की पूरी कोशिश की। लेकिन भक्त को अपने भगवान से मिलने से कोई नहीं रोक सकता। योजना के तहत, केजरीवाल ने वादा किया कि अगर आम आदमी पार्टी (आप) दिल्ली में सत्ता में लौटती है तो सभी हिंदू मंदिर पुजारियों और ग्रंथियों को 18,000 रुपये का मासिक सम्मान दिया जाएगा। केजरीवाल ने कहा कि आप कार्यकर्ताओं द्वारा शहर भर के अन्य मंदिरों और गुरुद्वारों में भी पंजीकरण किया जाएगा। केजरीवाल ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि आज मैंने मरघट बाबा के मंदिर में दर्शन किये और पुजारी ग्रंथी सम्मान योजना का शुभारंभ किया। आज यहां के महंत जी का जन्मदिन है. मैंने उनके साथ उनका जन्मदिन भी मनाया।

### भारत पर प्रवासियों के शुद्ध दावों में दूसरी तिमाही में 19.8 अरब डॉलर की कमी : आरबीआई

मुंबई (ए)। चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के दौरान भारत पर प्रवासियों के शुद्ध दावे सालाना आधार पर 19.8 अरब अमेरिकी डॉलर घटकर 348.5 अरब अमेरिकी डॉलर रह गए। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोमवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी। भारत में विदेशी स्वामित्व वाली परिसंपत्तियों (46.7 अरब डॉलर) की तुलना में भारतीय निवासियों की विदेश में वित्तीय परिसंपत्तियों (66.5 अरब डॉलर) में अधिक वृद्धि के कारण सितंबर तिमाही में प्रवासियों के शुद्ध दावों में गिरावट आई। भारत में प्रवासियों की परिसंपत्तियों और देनदारियों के बीच के अंतर को भारत पर प्रवासियों के शुद्ध दावे के रूप में परिभाषित किया जाता है। भारत की अंतरराष्ट्रीय निवेश स्थिति (आईआईपी), सितंबर, 2024 के आंकड़ों के मुताबिक, जुलाई-सितंबर, 2024 के दौरान विदेशी वित्तीय परिसंपत्तियों में 80 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि आरक्षित परिसंपत्तियों में 53.8 अरब अमरीकी डॉलर की वृद्धि के कारण हुई।

# उधमपुर में बारिश से किसानों को मिली बड़ी राहत, चार महीने से था इंतजार

नई दिल्ली (ए)। लंबे समय तक सूखे का सामना करने के बाद, जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में किसानों को बारिश के आगमन से राहत मिली है। किसान चार महीने के सूखे के कारण अपनी फसलों के भाग्य को लेकर अनिश्चित परिस्थितियों से जूझ रहे थे। पिछले चार महीनों से किसान पानी की कमी से सूखे खेतों और सूख रही फसलों से जूझ रहे हैं। हाल की बारिश ने उन्हें अपनी फसलों के लिए एक नई आशा से भर दिया है और बेहतर पैदावार का वादा किया है। उधमपुर के डेबरा गांव के किसान संजीव कुमार ने कहा कि अगर बारिश नहीं होती तो फसलें बर्बाद हो जातीं। उन्होंने कहा कि बारिश के बिना सब्जी की फसलें सूख रही हैं, जिससे वे चिंतित हैं। उन्होंने कहा कि हम पिछले चार




महीनों से बारिश का इंतजार कर रहे थे और आखिरकार लगातार बारिश किसानों के चेहरे पर खुशी लेकर आई है। उन्होंने कहा कि इस बार सब्जियां लगाईं, लेकिन बारिश नहीं होने के कारण फसलें सूख रही थीं और हम लोग चिंतित थे. हालांकि, बारिश से राहत मिली है। अगर बारिश नहीं होती तो हमारी फसलें बर्बाद हो जातीं। उन्होंने आगे कहा कि बारिश फसलों के लिए अच्छी है और उन्हें अच्छा मुनाफा होगा। किसानों ने कहा कि हमने ऐसी सब्जियां लगाई हैं जिनमें पूरी गोभी, बंद गोभी, मूली, शलजम, पालक, सरसों और आलू हैं। जिन फसलों को नुकसान हुआ है, उनमें से कई आलू कोहरे के कारण जल गए हैं। अन्य फसलों को भी काफी नुकसान हुआ है। चलिए अब भी कामना करते हैं कि जो बारिश हुई है उससे हमें कुछ राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि हमने गेहूं की बुआई की है, इसलिए यह बारिश गेहूं के लिए और भी अच्छी है क्योंकि मई और जून में गेहूं की फसल अभी आगे होगी। किसानों ने कहा कि बारिश से किसान खुश हैं और अगर बारिश नहीं होती तो हमारे लिए मुश्किल होने की संभावना थी क्योंकि पानी पीना बहुत मुश्किल था. यह इस बात पर भी निर्भर करता है कि यह पहाड़ों से दूर और पहाड़ों से दूर से आता है।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सात महीने से वेतन न मिलना शर्मनाक : बांसुरी स्वराज

नई दिल्ली (ए)। आंगनवाड़ी और आशा कार्यकर्ताओं को लेकर दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना से मुलाकात के अगले दिन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद बांसुरी स्वराज ने मंगलवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी (आप) सरकार पर तीखा हमला बोला और इसे शर्मनाक बताया कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को सात महीने से भुगतान नहीं किया गया है और आशा कार्यकर्ताओं का वजीफा नहीं बढ़ाया गया है। भाजपा सांसद ने कहा कि यह बेहद शर्मनाक है कि दिल्ली की आप सरकार ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को पिछले सात महीने से वेतन नहीं दिया है। आशा वर्कर 3000 रुपये वेतन पर काम कर रही हैं और उनका स्टाइपेंड नहीं बढ़ाया गया है। उन्होने कहा कि हर तीन साल में उनका वजीफा बढ़ाया जाना चाहिए। कानून इसे अनिवार्य बनाता है। यह आप सरकार उनकी बातों पर ध्यान नहीं दे रही है। मैंने इस संबंध में दिल्ली के एलजी से मुलाकात की और मुझे खुशी है कि उन्होंने मुझे आश्वासन दिया है कि वह इस मुद्दे पर दिल्ली के सीएम को निर्देश देंगे।




नए साल की पूर्व संध्या पर मध्य रात्रि की उल्टी गिनती का जश्न मनाते लोग, मुरादाबाद के एक सरसों के खेत में नए साल का स्वागत के बैनर जलाकर मनाते हैं।

# मैंने मां के कहने पर मिस इंडिया का फॉर्म भरा था : सुष्मिता



सुष्मिता सेन के पिता उनके मिस इंडिया में जाने से नाराज थे। वहीं मां ने उनकी फिनाले ड्रेस पर्दे के कपड़े से बनवाई थी। सुष्मिता ने कहा कि उन्होंने मां के कहने पर मिस इंडिया का फॉर्म भरा था। जब उनकी मां ने इसकी जानकारी पिता को दी, तो उन्होंने दो दिनों तक बात नहीं की। वो चाहते थे कि सुष्मिता आईपीएस ऑफिसर बनने के लिए पढ़ाई पर ध्यान दें। साल 1994 में सुष्मिता सेन मिस यूनिवर्स जीतने वाली पहली भारतीय बनीं और उनका नाम इतिहास में दर्ज हुआ। हालांकि ये सफर उनके लिए आसान नहीं था। हाल ही में सुष्मिता ने एक शो में अपने सफर के स्ट्रगल पर बात की। सुष्मिता ने बताया कि उनकी मां ने किसी तरह पिता को राजी किया। हालांकि उन्होंने शर्त रख दी कि जितना वो बजट दे रहे हैं उसी में पूरी तैयारी की जाए। सुष्मिता ने कहा, जो बजट मुझे मिला था, मैं उसमें सिर्फ सरोजनी नगर से शॉपिंग कर सकती थी। हम सड़कों पर लगने वाली हैंगर वाली दुकाने गए, वहां से मेरी मां ने बिना मुझसे पूछे कुछ कपड़े खरीदे, उसमें पर्दे का कपड़ा भी शामिल था। वो अंग्रेजी मैगजीन उठाकर बिल्डिंग के नीचे पेटीकोट सिलने वाले के पास गईं। उन्होंने एक तस्वीर दिखाकर कहा कि ये ड्रेस मेरी बेटी के लिए बना दो उसे स्टेज पर पहनना है। पेटीकोट सिलने वाले इंसान ने मेरी गाउन बनाई, जिसमें मैंने मिस इंडिया जीता। मम्मा ने सॉक्स में इलास्टिक डालकर मेरे ग्लव्स तैयार किए। सुष्मिता ने बताया कि वो मिस इंडिया के शुरुआती 4 राउंड में कुछ खास नहीं कर सकीं, जबकि ऐश्वर्या हर राउंड जीत रही थीं। उनकी मां उन्हें देखने गोवा के लिए निकल ही रही थीं कि उन्होंने कॉल कर इनकार कर दिया। सुष्मिता ने कहा कि वो सारे राउंड हार चुकी हैं, वो कहीं कॉम्पिटिशन में नहीं दिखेंगी, ऐसे में उन्हें अच्छा नहीं लगेगा, अगर मां उनके सामने रहेंगी। सुष्मिता की बात मानकर उनकी मां बॉम्बे में ही रुक गईं। काम्पिटिशन में सुष्मिता टॉप-5 में पहुंचीं, लेकिन उन्हें यकीन था कि वो नहीं जीतेंगी।

# अशनूर कौर को फिल्म किसको था पता से मिला शानदार अनुभव



अभिनेत्री अशनूर कौर ने अपनी नई फिल्म 'किसको था पता' में अपने किरदार 'श्रेया' को लेकर बताया कि यह भावनात्मक उतार-चढ़ाव से भरा है, जो कमजोरी, ताकत और फिर से खुद के व्यक्तित्व को खोजने से जुड़ा है। अभिनेत्री ने बताया कि फिल्म के जरिए उन्हें शानदार अनुभव मिला।

अपनी भूमिका के बारे में बात करते हुए अशनूर ने बताया, श्रेया एक ऐसा किरदार है, जो हर उस व्यक्ति के साथ गहराई से जुड़ती है, जिसने प्यार की ताकत और उसे खोने के डर को अनुभव किया है। श्रेया का सफर भावनाओं से भरा है।

अभिनेत्री ने बताया, मैं ऐसी खूबसूरती से लिखी गई कहानी का हिस्सा बनने के लिए धन्य महसूस करती हूं, जो दर्शकों को प्यार और नियति के अर्थ पर सवाल उठाने पर मजबूर कर देगी। यह पहली बार था जब मैं अकेले शूटिंग कर रही थी और मैं नर्वस थी, लेकिन साथ ही उत्साहित भी थी। मैं जी सिनेमा पर श्रेया के रूप में दर्शकों के सामने आने के लिए रोमांचित हूं और मुझे उम्मीद है कि दर्शक उससे उतना ही जुड़ेंगे, जितना मैं जुड़ी थी।

रत्ना सिन्हा निर्देशित किसको था पता क्रिसमस पर जी सिनेमा पर रिलीज हुई। रायपुर में सेट की गई रोमांटिक-कॉमेडी में अभिनेत्री के साथ अक्षय ओबेरॉय और आदिल खान अहम रोल में हैं।

अपने किरदार के बारे में बात करते हुए अक्षय ओबेरॉय ने बताया, देवांश एक ऐसा व्यक्ति है, जिसकी दुनिया तब बिखर जाती है, जब वह जिससे सबसे ज्यादा प्यार करता है, वह उसे छोड़कर चली जाती है। यह भावनात्मक रूप से चुनौतीपूर्ण भूमिका थी। इस भूमिका ने मुझे बहुत कुछ सिखाया। मैं दर्शकों को देवांश के दिल टूटने, ठीक होने और खुद को फिर से खोजने की यात्रा में शामिल करने के लिए अब और इंतजार नहीं कर सकता। मैं बहुत उत्साहित हूं। यह एक ऐसी कहानी है, जो लंबे समय तक आपके साथ रहेगी।

अभिनेता आदिल खान ने कहा कि उनका किरदार धैर्य, स्वतंत्र विचारों वाला और ऐसा व्यक्ति है जो जीवन को पूरी तरह से जीने में विश्वास करता है। 'किसको था पता' सिर्फ एक प्रेम कहानी नहीं है, यह एक लाइफ स्टोरी है। मैं रत्ना सिन्हा का आभारी हूं कि उन्होंने प्रतिभाशाली अशनूर और अक्षय के साथ इस भूमिका के लिए मुझ पर भरोसा किया। मुझे उम्मीद है कि दर्शकों को इसे देखने में उतना ही मजा आएगा, जितना हमें इसे बनाने में आया।

'किसको था पता' एक मनोरंजक कहानी है, जिसमें देवांश और श्रेया की प्रेम कहानी को शानदार तरीके से पर्दे पर उतारा गया है।

# कन्नप्पा से मोहनलाल का फर्स्ट लुक पोस्टर जारी, विष्णु मांचू ने उठाया अभिनेता के किरदार से पर्दा




विष्णु मांचू की पौराणिक ड्रामा कन्नप्पा बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। फिल्म प्रभास, अक्षय कुमार, काजल अग्रवाल और मोहनलाल के दिलचस्प कैमियो की वजह से चर्चा में है। अब विष्णु मांचू अपनी फिल्म का प्रचार करने में जुटे हुए हैं। इस बीच उन्होंने फैंस का उत्साह बढ़ाने के लिए फिल्म से मोहनलाल का पोस्टर जारी किया है और उनके किरदार का भी खुलासा कर दिया है। मलयालम सुपरस्टार मोहनलाल अभिनेता विष्णु मांचू की आगामी बड़े बजट की फिल्म कन्नप्पा में किराता की भूमिका निभाएंगे। मोहनलाल का फर्स्ट-लुक कैरेक्टर पोस्टर जारी किया गया। मोहनलाल इस फिल्म में कई सितारों के साथ कैमियो रोल निभाएंगे। विष्णु मांचू ने एक्स पर पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, किराता। लीजेंड श्री मोहनलाल कन्नप्पा में। मुझे हमारे समय के सबसे महान अभिनेताओं में से एक के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करने का सम्मान मिला। यह पूरा सीक्वेंस होगा। पोस्टर के अनुसार, मोहनलाल की भूमिका में किराता पशुपतास्त्र (भगवान शिव और देवी काली का मुख्य हथियार) के मास्टर हैं। वह आदिवासी पोशाक पहने हुए हैं और उनके हाथ में तलवार है। वह चेहरे पर रंग लगाए और बालों में लट लगाए हुए हैं और मजबूत और खतरनाक दिख रहे हैं। फिल्म की बात करें तो कन्नप्पा एक पौराणिक काल्पनिक फिल्म है, जिसका निर्देशन मुकेश कुमार सिंह ने किया है। विष्णु मांचू अभिनीत यह फिल्म कथित तौर पर हिंदू भगवान शिव के एक कट्टर भक्त की कहानी पर आधारित है। मुख्य भूमिका निभाने के अलावा विष्णु ने कन्नप्पा की पटकथा भी लिखी है। इसका निर्माण विष्णु मांचू के पिता और दिग्गज अभिनेता-निर्माता मोहन बाबू ने किया है। इसकी शूटिंग न्यूजीलैंड, हैदराबाद और अन्य स्थानों पर की गई है। विष्णु मांचू कन्नप्पा में ऐश्वर्या भास्करन, मोहन बाबू, अक्षय कुमार, प्रभास, सरथकुमार, ब्रह्मानंदम, मुकेश ऋषि, मधु और प्रीति मुखुनदन जैसे कलाकार प्रमुख भूमिकाओं में हैं। आगामी बड़े बजट की फिल्म एवीए एंटरटेनमेंट और 24 फ्रेम्स फैक्ट्री के बैनर तले बनी है। मूल रूप से तेलुगु में शूट की गई कन्नप्पा को तमिल, कन्नड़, मलयालम, हिंदी और अंग्रेजी में डब किया जाएगा। कन्नप्पा 25 अप्रैल, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

## राम चरण की फिल्म गेम चेंजर के ट्रेलर की रिलीज डेट से उठा पर्दा, नए साल पर फैंस को तोहफा देंगे आरआरआर स्टार

न्य ईयर आते ही साउथ सुपरस्टार राम चरण अपने फैंस के लिए गेम चेंजर लेकर आ रहे हैं जो 10 जनवरी 2025 को रिलीज होगी. फिलहाल इसके ट्रेलर को लेकर भी दर्शक काफी एक्साइटेड हैं. फाइनली इसकी डेट भी सामने आ गई है. वहीं दूसरी ओर उनकी फिल्म को लेकर लोगों में इतना क्रेज है कि आंध्रप्रदेश में सुपरस्टार का बड़ा कटआउट लगाया गया जो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है।

राम चरण की गेम चेंजर का ट्रेलर न्यू ईयर पर यानि 1 जनवरी को रिलीज होने जा रहा है. पहली बार एक साथ स्क्रीन शेयर करने जा रहे राम चरम और कियारा आडवाणी की फिल्म को लेकर दर्शकों में काफी उत्साह है. फिल्म के निर्माता दिल राजू ने हाल ही में एक इवेंट में फिल्म के बारे में रोमांचक अपडेट शेयर करते हुए कहा कि न्यू ईयर के तोहफे के रूप में गेम चेंजर का ट्रेलर रिलीज किया जाएगा. दिल राजू ने कहा, ट्रेलर तैयार है, लेकिन इसे आपके सामने रिलीज करने से पहले कुछ और काम किया जाना है. ट्रेलर किसी फिल्म की रेंज तय करता है. हम आपको वह अनुभव देने के लिए तैयार हैं. ट्रेलर 1 जनवरी को नए साल के मौके पर रिलीज किया जाएगा।

# कैसा रहा कृति सेनन का साल 2024? तस्वीरों में साझा की सारी यादें, फैंस भी हुए दीवाने





कृति सेनन ने साल 2024 की सभी यादों को समेटते हुए अपनी कुछ अनदेखी तस्वीर अपने इंस्टाग्राम अकांउट पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों में कृति का अंदाज, हर तस्वीर में जुदा नजर आ रहा है। कृति के फैंस भी उनके जुदा अंदाज, लुक्स के दीवाने हो गए।

पार्टी-वैकेशन मूड में कृति

एक तस्वीर में कृति बिकनी ड्रेस पहने पार्टी करती हुई दिखीं, वहीं दूसरी तस्वीर में वह किसी वैकेशन पर बर्फ को एंज्वॉय कर रही हैं।

स्किन केयर करती एक्ट्रेस

कृति की खूबसूरती का राज क्या है? अकसर ही फैंस उनसे पूछते हैं, ऐसे में कृति ने एक तस्वीर साझा की है, जिसमें वह कोल्ड वॉटर स्किन केयर ट्रीटमेंट ले रही हैं। बर्फ के पानी में थोड़ी देर चेहरा रखने से ग्लो बना रहता है, स्किन भी यंग नजर आती है।

## सिकंदर करेगी बॉक्स ऑफिस पर धमाका, हिंदी में 5 हजार स्क्रीन पर रिलीज होगी सलमान की फिल्म, टीजर हुआ हिट

सलमान खान का जादू एक बार फिर शुरू हो गया है. बहुप्रतीक्षित फिल्म सिकंदर के पहले लुक के साथ ही भाईजान ने दर्शकों का दिल जीत लिया. इस एक्शन से भरपूर स्पेक्टेकल का टीज़र सलमान की सिग्नेचर स्टाइल और गुस्से से भरपूर है, जिसने पूरे देश में तहलका मचा दिया है। सिकंदर के टीज़र को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है. टीज़र रिलीज़ होते ही दर्शकों और ट्रेड से भारी प्यार और सराहना मिली. सलमान खान की दमदार और पर्सनैलिटी को दर्शाते हुए इस टीजर ने भाईजान की भव्य वापसी का ऐलान कर दिया है. टीजर को ब्लॉकबस्टर प्रतिक्रिया और शानदार रिव्यूज मिले हैं. यूट्यूब पर टीजर को अब तक 5 करोड़ से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। यही नहीं, यह फिल्म केवल हिंदी भाषा में 5000 स्क्रीन पर रिलीज होने जा रही है, जो इसे सलमान खान की अब तक की सबसे बड़ी रिलीज में से एक बनाती है. दिलचस्प बात यह है कि सिकंदर को दर्शकों से ऐसा ऐतिहासिक रिस्पॉन्स मिला है, जैसा सलमान खान की किसी फिल्म को लंबे समय से नहीं मिला था. टाइगर ज़िंदा है के बाद सिकंदर सलमान खान की सबसे बड़ी और बहुप्रशंसित फिल्म मानी जा रही है।

# चौथे वीकेंड पर सबसे ज्यादा कमाई कर पुष्पा 2 ने रचा इतिहास, अल्लू अर्जुन की फिल्म ने स्त्री 2 को छोड़ा पीछे



अल्लू अर्जुन की पुष्पा 2 ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर एक और ऐतिहासिक वीकेंड दर्ज किया. चौथे रविवार को भी डबल डिजिट में कमाई की. वरुण धवन की नई फिल्म बेबी जॉन के रिजेक्शन को देखते हुए, फिल्म के हिंदी डब वर्जन के शो की संख्या में बढ़ोतरी देखने को मिला. इसी के साथ चौथे रविवार को भी अल्लू अर्जुन की नई फिल्म देखने वालों की पहली पसंद बनी रही. इसने श्रद्धा कपूर की नई फिल्म स्त्री 2 के चौथे वीकेंड के आंकड़ों को पीछे छोड़ दिया है. 25वें दिन के शुरुआती रुझान क्या बताते हैं, यह जानने के लिए पढ़ते है... सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार, पुष्पा 2: द रूल ने अपने चौथे रविवार को 16 करोड़ की कमाई की, जिससे भारत में 25 दिनों में पुष्पा 2 की सभी भाषाओं में कुल कमाई 1157.35 करोड़ रुपये हो गई है. इस शुक्रवार को पहली बार फिल्म ने सिंगल डिजिट में कलेक्शन किया था. सुकुमार की निर्देशित फिल्म ने चौथे शुक्रवार को 8.75 करोड़ कमाए, लेकिन शनिवार को कलेक्शन में 42 प्रतिशत का उछाल देखा गया और फिल्म ने 12.5 करोड़ कमाए. वहीं, चौथे सुपर संडे और भी बेहतर कलेक्शन देखने को मिले. फिल्म ने चौथे रविवार यानी रिलीज के 25 दिन 16 करोड़ का बिजनेस किया. पुष्पा 2: द रूल ने अपने पहले हफ्ते में 725.8 करोड़ रुपये, दूसरे हफ़्ते में 264.8 करोड़ रुपये और तीसरे हफ्ते में 129.5 करोड़ रुपये कमाए।

# बाहर निकलती तोंद को स्लिम-ट्रिम बनाने के लिए खाना शुरू करें ये सफेद चीज, महीनेभर में दिखेगा असर



आजकल बड़ी संख्या में लोगों की तोंद कपड़ों के बाहर झांकती नजर आती है. मोटापा कई बीमारियों का शुरुआत संकेत माना जाता है. अगर आप भी इसी बाहर निकलती तोंद और मोटापे से परेशान हैं तो किचन में रखी एक चीज को सेवन से इसे कंट्रोल कर सकते हैं. इसे खाने से आप एकदम स्लिम-ट्रिम हो जाएंगे. इस एक चीज को आप सुबह और शाम के समय स्नैक्स के रूप में भी ले सकते हैं. यहां हम बात कर रहे हैं मखाने की. इम मेवा में कैल्शियम से लेकर कई पोषक तत्व भरपूर मात्रा में होते हैं. अगर आप स्वाद के शौकीन हैं तो मखाने को घी-नमक या काली मिर्च के फ्लेवर के साथ रोस्ट कर खा सकते हैं. इतना ही नहीं नियमित रूप से मखाने का सेवन आपका वजन कम करने में भी काफी लाभदायक साबित हो सकता है. आइए जानते हैं कि कैसे मखाने का सेवन करें.

**मखाना खाने से कैसे कम होता है वजन?**

कई लोगों के मन में ये सवाल ये जरूर होता है कि आखिरकार मखाना खाने से कैसे कम होता है वजन? इसका जवाब है कि मखाने में डाइटरी फाइबर पाया जाता है. इसमें मौजूद फाइबर मेटाबॉलिज्म को बूस्ट करता है. इससे फैट बर्निंग प्रोसेस तेज हो जाती है. इसके साथ ही मखाने में मौजूद कैल्शियम से लेकर आयरन और मैग्नीशियम वजन को बढ़ने से रोकते हैं. यह डाइजेशन को बेहतर बनाता है. इससे व्यक्ति का फैट कम हो जाता है.

**वजन कम करने के लिए खाएं मखाने का भेल**

अगर आप वजन कम करना चाहते हैं तो इसके लिए मखाने की भेल बनाकर खा सकते हैं. इसके लिए एक बाउल में टमाटर, प्याज, हरी मिर्च, ककड़ी और खीरा काट लें. इसके बाद मखानों को कढ़ाई में डालकर हल्का सा फ्राई कर लें. अब टमाटर, प्याज, हरी मिर्च, ककड़ी और खीरा को मखानों के साथ मिक्स कर लें. इसमें नमक, नींबू, इमली की चटनी और काली मिर्च डाल लें. आपकी मिक्स चाट बनकर तैयार हो जाएगी.

**वजन कम करने के लिए भूनकर खाएं मखाने**

अगर आप वजन कम करना चाहते हैं तो मखानों को डाइट में जरूर शामिल करें. आप इसे भूनकर भी खा सकते हैं. स्वादिष्ट बनाने के लिए एक कढ़ाही में थोड़ा सा घी और नमक डालें, इसके बाद मखानों को धीमी आंच पर भून लें. सुबह नाश्ते के समय और शाम को स्नेक्स के रूप में लें. इससे आपका वजन धीरे धीरे कट जाएगा.

# क्या आपके गले में भी होती है खुजली? आराम पाने के लिए अपनाएं ये घरेलू नुस्खे



सर्दियों में गले में खराश होना आम बात होती है, लेकिन कई लोगों को बलगम के कारण गले में खुजली होने लगती है। इस समस्या के कारण बात करना और खाने को निगलना बेहद मुश्किल हो जाता है।आम तौर पर जुखाम, सूजन या बुखार गले में होने वाली खुजली का कारण बनते हैं। हालांकि, यह परेशानी पेट में बनने वाले एसिड के चलते भी बढ़ सकती है।आइए इस स्वास्थ्य संबंधी समस्या से निपटने के घरेलू नुस्खे जानते हैं।

**गर्म पानी से गरारे करें**

गले की खुजली से छुटकारा पाने का सबसे अच्छा प्राकृतिक और घरेलू उपचार होता है गर्म पानी से गरारे करना। इसके जरिए गले की सूजन कम होती है और जलन शांत होती है।एक गिलास पानी गर्म में आधा चम्मच नमक मिला दें। इस पानी की मदद से कम से कम 30 मिनट तक गरारे करें।अगर आप हफ्ते में 2 बार यह उपाय करेंगे, तो आपकी खुजली की समस्या दूर हो जाएगी और आपका गला साफ हो जाएगा।

**हल्दी वाले दूध का सेवन करें**

अक्सर चोट लगने पर हल्दी वाला दूध पीने की सलाह दी जाती है। हालांकि, इस पेय के सेवन से गले में होने वाली खुजली भी ठीक हो सकती है।हल्दी में करक्यूमिन होता है, जिसे एक शक्तिशाली एंटी-इंफ्लेमेटरी एजेंट माना जाता है। इससे गले की सूजन दूर हो जाती है और संक्रमण का खतरा भी कम हो जाता है।एक गिलास गर्म दूध में आधा चम्मच हल्दी मिलाएं और घूंट-घूंट करके पीएं।

**भाप लें**

जुखाम होने पर लोग भाप लेते हैं, जिसके जरिए बलगम को पिघलाया जा सकता है। इस उपचार की मदद से आप गले में होने वाली खुजली को भी शांत कर सकते हैं।भाप लेने से गला नम होता है और सूखेपन से राहत मिलती है, जिसके कारण खुजली दूर हो जाती है। भाप लेने से पहले पानी गर्म करके उसमें पुदीने वाला एसेंशियल ऑयल मिलाएं।अब कम से कम 5 से 7 मिनट तक चेहरे को ढककर भाप लें।

**गुनगुने पानी में शहद मिलाकर पीएं**

अगर आप रोजाना सुबह गुनगुने पानी में शहद मिलाकर पीएंगे, तो आपको गले की खुजली से छुटकारा मिल जाएगा।एशियन पैसिफिक जर्नल ऑफ ट्रॉपिकल बायोमेडिसिन में प्रकाशित शोध के अनुसार, शहद में एंटी-बैक्टीरियल गुण मौजूद होते हैं।इस खाद्य पदार्थ के जरिए गले की सूजन कम हो जाती है, दर्द से राहत मिलती है और खांसी भी ठीक हो जाती है। वहीं, गर्म पानी गले की सिकाई करते हुए आराम प्रदान करता है।

**सेब का सिरका आजमाएं**

सभी जानते हैं कि सेब का सिरका वजन घटाने में मदद करता है। हालांकि, काफी कम लोग इस बात से वाकिफ हैं कि इसकी मदद से गले में होने वाली खुजली भी दूर हो सकती है।इसमें एंटी-बैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं, जो गले की सूजन, जलन और असुविधा को कम कर सकते हैं। एक गिलास गर्म पानी लें और उसमें आधा चम्मच सेब का सिरका मिलाएं।इस पेय को रोजाना सुबह पीएं और आराम महसूस करें।

# न्यूजीलैंड में नए साल का आगाज, जश्न में डूबा ऑकलैंड

ऑकलैंड (ए)। न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में सबसे पहले नए साल 2025 का आगाज हो गया है। ऑकलैंड में लोगों ने पटाखे फोड़कर नए साल का जश्न मनाया। भारत से पहले इंडोनेशिया, थाईलैंड और म्यांमार नए साल का जश्न मनाएंगे। दुनिया में सबसे पहले नए साल का आगाज किरीटीमाटी द्वीप पर 3.30 बजे हुआ। यह द्वीप प्रशांत महासागर में स्थित है और किरिबाती रिपब्लिक का हिस्सा है। यहां का समय भारत से 7.30 घंटे आगे है, यानी जब भारत में 3:30 बजे होते हैं, तो किरीटीमाटी में नया साल शुरू हो जाता है। इसके बाद चैथम द्वीप न्यूजीलैंड के निवासी कुछ ही मिनटों में नए साल 2025 का स्वागत करेंगे। दुनियाभर में लोग इस साल की अंतिम संध्या पर जश्न में डूबने के लिए तैयार हैं। साल 2025 की शुरूआत होने में अब सिर्फ कुछ घंटे बाकी हैं। नए साल के जश्न की तैयारियां दुनियाभर में चल रही हैं। अलग-अलग टाइम जोन के कारण विभिन्न देश अलग-अलग समय पर नए साल का स्वागत किया जाएगा। दुनिया में नए साल के जश्न की शुरुआत किरिबाती द्वीप से होती है।

# श्रीलंका ने 2025 तक स्कूल दिवसों को घटाकर 181 किया

कोलंबो (ए.)। श्रीलंका के शिक्षा मंत्रालय ने सोमवार को 2025 के लिये स्कूल के दिनों को 210 दिनों से घटाकर 181 करने की घोषणा की। मंत्रालय के अनुसार संशोधित कार्यक्रम सरकारी स्कूलों, सरकार की ओर से अनुमोदित निजी स्कूलों और पिरिवेनस (बौद्ध भिक्षुओं के लिए स्कूल) पर लागू होगा। मंत्रालय ने कहा कि नया स्कूल वर्ष आधिकारिक तौर पर 27 जनवरी, 2025 से शुरू होगा। इसके अलावा 2025 के शैक्षणिक कैलेंडर में 26 सार्वजनिक अवकाश शामिल हैं। इनमें से 22 अवकाश सप्ताह के दिनों में आते हैं। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए शैक्षिक प्रक्रिया को और अधिक सुलभ बनाना है। इस नए नियम के तहत विद्यार्थियों को कम दिन स्कूल में उपस्थित होना होगा जिससे उन्हें अध्ययन के लिये अतिरिक्त समय मिल सके और वे अपनी पढ़ाई में बेहतर प्रदर्शन कर सकें। गौरतलब है कि श्रीलंका कोविड-19 और आर्थिक संकट के कारण उत्पन्न व्यवधानों से जूझ रहा है, 2024 शैक्षणिक वर्ष का तीसरा सत्र 24 जनवरी, 2025 को समाप्त होने वाला है।

# टल गया एक और बड़ा विमान हादसा, हवाई अड्डे पर टकराने से बचे दो विमान

वाशिंगटन (ए.)। अमेरिका के लॉस एंजेलिस हवाई अड्डे पर एक और बड़ा विमान हादसा होने से टल गया। जहां, हवाई अड्डे पर दो विमान आपस में टकराने से बच गए। विमान में वॉशिंगटन के गोंजागा विश्वविद्यालय की बास्केटबॉल टीम भी सफर कर रही थी। एफएए ने बयान में कहा कि लाइम एयर फ्लाइट 563 लॉस एंजेलिस हवाई अड्डे पर उतरी थी और जैसे ही वह रनवे को पार करने वाली थी, तभी बास्केटबॉल टीम को ले जा रहा निजी विमान भी टेकऑफ कर रहा था। स्थिति ऐसी बनी कि दोनों विमान बेहद करीब आ गए। हालात को देखते हुए एटीसी ने तुरंत की लाइम एयरलाइंस के विमान को तुरंत रुकने को कहा। इससे विमानों की टक्कर बच गई। जब निजी विमान ने उड़ान भर ली, उसके बाद दूसरे विमान को रनवे पर जाने की इजाजत दी गई। यह घटना प्लेन-स्पॉटिंग लाइवस्ट्रीम पर कैद की गई, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया जा रहा है।

# पाकिस्तान 2025 में सुरक्षा परिषद में होगा शामिल; क्या हैं इसके मायने ?

संयुक्त राष्ट्र (ए.)। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के कई सदस्य बुधवार (1 जनवरी, 2025) से बदलने जा रहे हैं। इसमें कुछ गैर-स्थायी सदस्यों की एंट्री हो रही है, जिसमें पाकिस्तान भी शामिल है। उसे अब आतंकवादियों पर प्रतिबंध लगाने के मामले में एक तरह की वीटो शक्ति प्राप्त हो जाएगी जिन्हें वह पनाह देता आया है। जून में अस्थायी सदस्य के रूप में चुने जाने के बाद, पाकिस्तान सुरक्षा परिषद में एशिया-प्रशांत देशों के लिए दो सीटों में से एक पर जापान की जगह लेगा और दो साल तक यह सीट पर रहेगा। इस्लामाबाद को अब 26/11 मुंबई हमलों के मास्टरमाइंड साजिद मीर जैसे अपने आतंकवादियों की सुरक्षा के लिए इस्लामिक स्टेट और अलकायदा प्रतिबंध समिति में बीजिंग पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा, जो इन दोनों संगठनों से जुड़े व्यक्तियों और समूहों को आतंकवादी घोषित करती है और उन पर प्रतिबंध लगाती है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में केवल स्थायी सदस्यों के पास निर्णयों पर वीटो की शक्ति होती है, लेकिन गैर-स्थायी सदस्यों के पास भी 'आतंकवाद के लिए प्रतिबंध समितियों' में एक प्रकार की वीटो शक्ति होती है क्योंकि वे स्वीकृत मानदंडों के तहत आम सर्वसम्मति से कार्य करती हैं। सर्वसम्मति प्रक्रिया द्वारा दिए गए वर्चुअल वीटो की निंदा की जाती रही है, 'इस्लामिक स्टेट-अल-कायदा प्रतिबंध पैनल' के पूर्व प्रमुख न्यूजीलैंड ने इसे 'समिति की प्रभावशीलता में सबसे बड़ा अवरोधक' बताया है।



भारत ने प्रतिबंध समितियों की कार्यप्रणाली को 'भूमिगत' करार दिया है, जो कानूनी आधार के बिना 'अस्पष्ट प्रथाओं' पर आधारित है। साथ ही पारदर्शिता की मांग की है ताकि निर्णयों के औचित्य और उन्हें कैसे लिया जाता है, यह स्पष्ट हो सके। पाकिस्तान को अब सुरक्षा परिषद में कश्मीर पर अपनी अभियान को और जोरदार तरीके से उठाने का मंच मिल जाएगा, यह एक ऐसा मुद्दा है जिसे वह चर्चा के विषय की परवाह किए बिना नियमित रूप से उठाता है, तथा भारत पर तीखे हमले करता है। हालांकि, यह एक निरंतर प्रचार स्टंट ही रहेगा क्योंकि पाकिस्तान एक ऐसी आवाज रहा है जो सुनसान में गूंजती है। इस्लामाबाद कश्मीर को फिलिस्तीन समस्या से जोड़ने की कोशिश करता रहा है लेकिन किसी अन्य देश को अपने साथ नहीं जोड़ सका। जुलाई में जब पाकिस्तान सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता करेगा, तो वह अपनी पसंद के विषयों पर कम से कम दो 'सिग्नेचर इवेंट्स' आयोजित कर सकता है, जिनमें उच्च-स्तरीय भागीदारी होगी, जिसमें उसके अपने और आमंत्रित सदस्य दोनों शामिल होंगे। भले ही यह सीधे तौर पर इसे 'भारत विरोधी' शो न बनाए, लेकिन यह किसी ऐसे विषय को उठा सकता है जिसका इस्तेमाल वह भारत और कश्मीर पर दुष्प्रचार के लिए कर सकता है। जापान के हटने के साथ, ध्रुवीकृत परिषद में संतुलन में एक सूक्ष्म बदलाव आ गया है, जहां चीन, रूस और पाकिस्तान का त्रिकोण कई मुद्दों पर उभर कर सामने आएगा। अन्य एशियाई सदस्य दक्षिण कोरिया है, जो जापान की तरह पश्चिम समर्थक है। महासभा में पाकिस्तान ने कई मुद्दों पर चीन के मतदान पर नजर रखी है, खासकर यूक्रेन मामले पर, जब उसने बीजिंग के साथ मिलकर रूस को आक्रामक देश के रूप में नामित करने वाले प्रस्ताव पर मतदान किया, जबकि आम तौर पर मतदान में हिस्सा नहीं लिया। पाकिस्तान ने हमेशा फिलिस्तीन का खुलकर समर्थन किया है और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में उसके इस मुद्दे पर आवाज उठाने की उम्मीद है, जहां वह अमेरिका के साथ आमने-सामने हो सकता है। इस्लामाबाद आतंकवाद के मामले में विरोधाभासी रवैया अपनाता है। भारत के खिलाफ आतंकवादियों को समर्थन या तैनात करने के बावजूद, वह, अपने खिलाफ तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के आतंकी हमलों की निंदा करता है, जिसके बारे में उसका कहना है कि वे अफगानिस्तान में स्थित हैं।

## किसान पांच जनवरी को पेरिस की नाकेबंदी करेंगे

पेरिस (ए)। फ्रांस के किसान ट्रेड यूनियन कोऑर्डिनेशन रूराले ने किसानों से पांच जनवरी को पेरिस की नाकेबंदी करने और प्रधानमंत्री फ्रेंकोइस बायरू तथा कृषि मंत्री एनी जेनेवार्ड के साथ बैठक की मांग करने का आह्वान किया है। प्रवक्ता पैट्रिक लेग्रास ने यह जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि एक साल से देश भर के किसान संकट में है जो कई समस्याओं का समाधान खोजने के प्रयास कर रहे है। उन्होंने सोमवार को आरएमसी ब्रॉडकास्टर को बताया, 'लक्ष्य पेरिस और उसके उपनगरों में जाने का है, हमें उम्मीद है कि हम जल्द ही प्रधानमंत्री और कृषि मंत्री से मिलेंगे।' उन्होंने उम्मीद जताई कि किसानों को ऐसा नहीं करना पड़ेगा। यदि इस कार्रवाई के अनुरूप उनकी मांगें पूरी नहीं होती हैं तो आगे की कार्रवाई की जाएगी। किसानों ने अक्टूबर में देश भर में विरोध-प्रदर्शन फिर से शुरू किया। इसके बाद नवंबर में प्रमुख ट्रेड यूनियनों एफएनएसईए और ज्यून्स एग्रीकल्चर ने सरकारी निष्क्रियता तथा दक्षिण अमेरिकी व्यापार ब्लॉक मर्कोसुर के साथ एक व्यापार समझौते के खिलाफ विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया। उनकी मांग है कि यूरोपीय संघ प्रस्तावित व्यापार समझौते को रद्द करे, नियमों को ढीला करे और विलंबित सब्सिडी का भुगतान करे।

# अमेरिका : पूर्व राष्ट्रपति जिमी कार्टर का 9 जनवरी को होगा अंतिम संस्कार



वाशिंगटन (ए.)। पूर्व राष्ट्रपति जिमी कार्टर का अंतिम संस्कार 9 जनवरी को वाशिंगटन डी.सी. में होगा। उसी दिन राष्ट्रपति जो बाइडेन द्वारा राष्ट्रीय शोक दिवस भी घोषित किया जाएगा। बाइडेन पूर्व राष्ट्रपति के लिए एक श्रद्धांजलि भाषण दे सकते हैं। कार्टर के सम्मान में 9 जनवरी को संघीय कार्यालयों को बंद करने का आदेश दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार दोपहर को घोषणा की कि शोक दिवस के मौके पर 9 जनवरी को कोर्ट भी बंद रहेगा। कार्टर का रविवार (स्थानीय समय) को 100 वर्ष की उम्र में निधन हो गया था। कार्टर को सम्मानित करने वाली सेवाएं 4 जनवरी से शुरू होंगी। इसमें जॉर्जिया में उनके बचपन के घर और पारिवारिक फार्म पर पार्थिव देह ले जाई जाएगी। फिर जॉर्जिया स्टेट कैपिटल में रखा जाएगा। वाशिंगटन, डी.सी. के लिए जाने से पहले, कार्टर का शव 7 जनवरी तक अटलांटा के कार्टर प्रेसिडेंशियल सेंटर में रखा जाएगा। इसके बाद, उनके पार्थिव शरीर यूएस नेवी मेमोरियल और फिर यूएस कैपिटल ले जाया जाएगा।

कैपिटल पहुंचने पर 7 जनवरी को कांग्रेस के सदस्य दिवंगत राष्ट्रपति को दोपहर की सभा में श्रद्धांजलि देंगे। राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई 9 जनवरी को सुबह 10 बजे नेशनल कैथेड्रल में दी जाएगी। सोमवार को एक पत्र में दोनों दलों के कांग्रेसी नेताओं ने कार्टर के बेटे जेम्स कार्टर III और कार्टर सेंटर को सूचित किया कि दिवंगत राष्ट्रपति के पार्थिव देह को 7-9 जनवरी तक कैपिटल में राज्य में रखा जाएगा। सांसदों ने एक संयुक्त बयान में कहा, राष्ट्र के प्रति राष्ट्रपति कार्टर की लंबी और विशिष्ट सेवा को सम्मानित करते हुए हमारा इरादा है कि उनके अवशेषों को संयुक्त राज्य अमेरिका के प्रतिनिधि सभा और सीनेट से मंजूरी लेकर संयुक्त राज्य कैपिटल के रोटुंडा में रखा जाए।

उन्होंने कहा, आपकी मंजूरी से हम इन व्यवस्थाओं को आगे बढ़ाएंगे ताकि अमेरिकी जनता को भी राष्ट्रपति कार्टर को अंतिम विदाई देने का मौका मिल सके। रविवार को ट्रुथ सोशल पर अमेरिका के नव निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी कार्टर को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए लिखा, राष्ट्रपति के रूप में जिमी कार्टर ने जिन चुनौतियों का सामना किया, वह हमारे देश के लिए एक अहम समय था और उन्होंने लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए अपनी पूरी कोशिश की। उन्होंने हमेशा 'सभी अमेरिकियों' के लिए काम किया।

## राष्ट्रपति के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी, लगे हैं ये गंभीर आरोप

सियोल (ए)। दक्षिण कोरिया में राजनीतिक उथल-पुथल बढ़ती जा रही है। एक अदालत ने मंगलवार को राष्ट्रपति यूं सुक येओल के लिए गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया है। उन पर 3 दिसंबर को अल्पकालिक मार्शल लॉ लगाने का आरोप है, जिसके बाद उन्हें महाभियोग का सामना करना पड़ा और सत्ता से निलंबित कर दिया गया था। संयुक्त जांच मुख्यालय ने एक बयान में कहा कि निलंबित राष्टपति यूं सुक येओल के लिए गिरफ्तारी वारंट और तलाशी वारंट मंगलवार सुबह जारी किया गया। उच्च पदस्थ अधिकारियों के भ्रष्टाचार जांच कार्यालय ने पुष्टि की कि सियोल पश्चिमी जिला न्यायालय ने इस वारंट को मंजूरी दी है। स्थानीय मीडिया के अनुसार, दक्षिण कोरिया के इतिहास में यह पहली बार है जब किसी मौजूदा राष्टपति के लिए गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है। सोमवार को, दक्षिण कोरियाई जांचकर्ताओं ने इस महीने की शुरुआत में यून द्वारा लगाए गए अल्पकालिक मार्शल लॉ के संबंध में उनके लिए गिरफ्तारी वारंट की मांग की थी। यून संभावित विद्रोह के आरोपों में आपराधिक जांच का सामना कर रहे हैं। हालांकि, अदालत ने इस मामले पर कोई टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है। राष्टपति यून ने मंगलवार रात एक चौंकाने वाला फैसला लेते हुए पहली बार दक्षिण कोरिया में मार्शल लॉ की घोषणा की थी, लेकिन भारी दबाव के बाद इसे वापस ले लिया गया था। अपने संबोधन में, यून ने सरकार को कमजोर करने के विपक्ष के प्रयासों का हवाला दिया था और कहा था कि वह तबाही मचाने वाली देश विरोधी ताकतों को कुचलने के लिए मार्शल लॉ की घोषणा कर रहे हैं। इस आदेश का मतलब था कि देश अस्थायी रूप से सेना के नियंत्रण में चला गया।

## खेल समाचार

# कोबोली, पाओलिनि ने इटली को यूनाइटेड कप के क्वार्टरफाइनल में पहुंचाया



सिडनी (ए.)। फ्लेवियो कोबोली ने मैच प्वाइंट बचाकर हार के कगार से वापसी की , जिससे इटली ने फ्रांस को हराकर यूनाइटेड कप के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली। इटालियन ने फ्रांसीसी उगो हम्बर्ट को 3-6, 7-6(8), 6-2 से हराया। उगो हम्बर्ट ने दूसरे सेट में अपने पहले 17 सर्विस प्वाइंट जीते और मैच के लिए 6-3, 5-4 15/0 पर सर्विस की। लेकिन फ्रांसीसी खिलाड़ी आगामी टाई-ब्रेक में 8/7 पर मैच प्वाइंट को बदलने में असमर्थ रहे और यह महंगा साबित हुआ। जैस्मीन पाओलिनी और मिश्रित युगल जोड़ी सारा इरानी और एंड्रिया वावसोरी की जीत के बाद इटली ने टाई को 3-0 से जीत लिया। देश ने अब ग्रुप डी जीत लिया है और मिश्रित टीमों के आयोजन के नॉकआउट चरण में प्रवेश करेगा। फ्रांस को ग्रुप जीतने के लिए इटली को 3-0 से हराना था।

एरानी और वावसोरी की मिश्रित युगल जोड़ी ने एडवर्ड रोजर-वेसलिन और एलिक्सेन लेकेमिया को 6-3, 7-6 से हराया।

इटली के क्वार्टर फाइनल में सुरक्षित रूप से पहुंचने के बाद, दुनिया की चौथे नंबर की खिलाड़ी पाओलिनी पर कोई दबाव नहीं था, क्योंकि उन्होंने महिला एकल में भाग लिया।

2024 के रौलां गैरो और विंबलडन फाइनलिस्ट शांत और संयमित थीं, क्योंकि उन्होंने क्लो पैक्केट पर 6-0, 6-2 से जीत दर्ज की, जिससे मंगलवार को इटली के लिए आधिकारिक रूप से मुकाबला पक्का हो गया।

पाओलिनी ने अपने दो ग्रुप-स्टेज मैचों में केवल चार गेम गंवाए हैं। उन्होंने टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में पूर्व शीर्ष 5 खिलाड़ी बेलिंडा बेनसिक को 6-1, 6-1 से हराया।

## भारतीय गेंदबाजों ने कोंस्टास के फॉरवर्ड डिफेंस में खामी को उजागर किया: ओ कीफ

नई दिल्ली,(ए.)। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर केरी ओकीफ ने 19 वर्षीय सलामी बल्लेबाज सैम कोंस्टास की बल्लेबाजी तकनीक के बारे में चिंता जताई है, उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर तत्काल समाधान नहीं किया गया तो उनके फॉरवर्ड डिफेंस में खामियां उनके होनहार टेस्ट करियर को पटरी से उतार सकती हैं। ओकीफ की आलोचना कोंस्टास के एमसीजी में बॉक्सिंग डे टेस्ट में भारत के खिलाफ संघर्ष के बाद आई है, जहां इनस्विंगिंग डिलीवरी के खिलाफ उनकी कमजोरी उजागर हुई थी। जबकि इनस्विंगिंग डिलीवरी ने कोंस्टास को परेशान किया है, ओकीफ का मानना है कि असली समस्या उनकी फॉरवर्ड डिफेंस तकनीक में है। फॉक्स क्रिकेट पर बोलते हुए, ओकीफ ने समझाया, भारतीय रणनीतिकारों ने सैम कोंस्टास के फॉरवर्ड डिफेंस में एक समस्या की पहचान की है। यह खामी अब वैश्विक मंच पर उजागर हो गई है और संभवत: दुनिया भर की गेंदबाजी इकाइयों द्वारा इसका लक्ष्य बनाया जाएगा। भारत के खिलाफ चौथे टेस्ट में कोंस्टास दोनों पारियों में इनस्विंग गेंदों पर आउट हुए। पहली पारी में जसप्रीत बुमराह ने उन्हें जल्दी ही परख लिया, हालांकि कोंस्टास बचाव करने के बजाय आक्रमण करके बचने में सफल रहे।

## विजय हजारे ट्रॉफी 2024-25: मयंक अग्रवाल ने लगातार तीसरा शतक लगाया

नईदिल्ली, (ए.)। इस समय खेली जा रही विजय हजारे ट्रॉफी में कर्नाटक क्रिकेट टीम के कप्तान मयंक अग्रवाल ने अपना जोरदार फॉर्म जारी रखा है।उन्होंने पांचवें दौर के मुकाबले में हरियाणा क्रिकेट टीम के खिलाफ बेहतरीन शतक (124) लगाया।दिलचस्प रूप से यह मयंक का मौजूदा सीजन में लगातार तीसरा शतक है। इससे पहले उन्होंने पंजाब और अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ भी शतकीय पारी खेली थी।आइए उनकी पारी और आंकड़ों पर एक नजर डालते हैं। कर्नाटक से पारी की शुरुआत करने मयंक ने शुरुआत में कुछ संभलकर बल्लेबाजी की।क्रीज पर टिक जाने के बाद उन्होंने अपनी रन गति में इजाफा किया और 95 गेंदों में अपनी पारी को शतक में तब्दील किया।उन्होंने निकिन जोस के साथ मिलकर पहले विकेट के लिए 91 रन की साझेदारी भी निभाई।अच्छी बल्लेबाजी कर रहे मयंक 112 गेंदों में 124 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने अपनी पारी में 15 चौके और 2 छक्के लगाए। मयंक ने अपने लिस्ट-ए क्रिकेट करियर में अब तक 118 मैच खेले हैं, जिसमें लगभग 50 की औसत के साथ 5,350 से अधिक रन बनाए हैं।इस बीच उन्होंने 17 शतक और 23 अर्धशतक अपने नाम किए हैं।लिस्ट-ए क्रिकेट में उनका सर्वोच्च स्कोर 176 रन रहा है।मयंक भारतीय क्रिकेट टीम की ओर से 5 वनडे भी खेल चुके हैं, जिसमें उन्होंने 17.20 की औसत के साथ 86 रन बनाए हैं। मयंक ने विजय हजारे ट्रॉफी 2024-25 में 5 मैचों में 142.66 की औसत और 117.26 की स्ट्राइक रेट के साथ 428 रन बनाए।इस बीच उन्होंने 3 शतक लगाए हैं। वह फिलहाल मौजूदा सीजन में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं।उनके अलावा कोई अन्य बल्लेबाज 400 रन के आंकड़े को नहीं छू सके हैं।उन्होंने इस मैच से पहले पंजाब के खिलाफ 139* रन और अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ 100* रन बनाए थे।

# पूर्व इंग्लैंड फुटबॉल कोच साउथगेट नए साल की सम्मान सूची में नाइटहुड से सम्मानित



लंदन,(ए.)। इंग्लैंड के पूर्व पुरुष सीनियर फुटबॉल मैनेजर गैरेथ साउथगेट को 2025 के लिए नए साल की सम्मान सूची में शामिल किया गया है। एफए ने एक विज्ञप्ति में कहा,इंग्लैंड को चार प्रमुख टूर्नामेंटों में ले जाने और दो यूरो फाइनल और एक विश्व कप सेमीफाइनल में पहुंचाने के बाद, साउथगेट को नाइटहुड से सम्मानित किया गया है, इससे पहले 2019 में उन्हें ओबीई बनाया गया था। गैरेथ ने इस साल की शुरुआत में लगभग आठ साल तक प्रभारी रहने के बाद थ्री लायंस के बॉस के रूप में अपना पद छोड़ दिया, स्पेन के खिलाफ यूईएफए यूरो 2024 फाइनल के बाद 102 मैचों में 61 जीत, 24 ड्रॉ और 17 हार के साथ। यह उनके द्वारा इंग्लैंड के लिए खिलाड़ी के रूप में 57 कैप और दो गोल तथा सीनियर टीम मैनेजर के रूप में नियुक्ति से पहले इंग्लैंड के पुरुष अंडर-21 के प्रभारी के रूप में 37 मैच खेलने के अतिरिक्त है। एफए अध्यक्ष डेबी हेविट ने कहा, फुटबॉल एसोसिएशन में हम सभी की ओर से, मैं सर गैरेथ को इस अत्यंत योग्य सम्मान के लिए बधाई देता हूं। एक खिलाड़ी, कोच और परिवर्तन-निर्माता के रूप में खेल में अपने पूरे करियर के दौरान, उन्होंने अंग्रेजी फुटबॉल का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा, हमारे अब तक के सबसे महान मैनेजरों में से एक, सर गैरेथ की चार प्रमुख टूर्नामेंटों में उल्लेखनीय कोचिंग उपलब्धियों में दो लगातार यूरो फाइनल शामिल हैं, जो हमारे घर से दूर सर्वश्रेष्ठ पुरुष विश्व कप प्रदर्शन की बराबरी करते हैं और पांच साल से अधिक समय तक दुनिया के शीर्ष पांच में स्थान बनाए रखते हैं। वेस्ट हैम, एवर्टन और मैनचेस्टर यूनाइटेड के पूर्व मैनेजर डेविड मोयेस को एसोसिएशन फुटबॉल में सेवाओं के लिए ओबीई प्राप्त हुआ, जबकि लिवरपूल और स्कॉटलैंड के पूर्व कप्तान और प्रसारक एलन हैनसेन को एसोसिएशन फुटबॉल और प्रसारण में उनकी सेवाओं के लिए एमबीई से सम्मानित किया गया।

## जींस पहनकर खेलने की अनुमति मिलने के बाद विश्व ब्लिट्ज चैम्पियनशिप में लौटे कार्लसन

न्यूयार्क (ए.)फिडे से खिलाड़ियों को जींस पहनकर खेलने की अनुमति मिलने के बाद दुनिया के नंबर एक शतरंज खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन विश्व ब्लिट्ज चैम्पियनशिप में लौटे जिन्हें ड्रेस कोड के उल्लंघन के कारण रैपिड वर्ग से बाहर कर दिया गया था। दरअसल, पांच बार के विश्व चैम्पियन कार्लसन पर शनिवार को फिडे के ड्रेस कोड का उल्लंघन करके जींस पहनकर आने के बाद 200 डॉलर का जुर्माना लगाया गया था। टूर्नामेंट के नियमों के अनुसार जींस पहनना मना है। उन्होंने तुरंत कपड़े बदलकर आने का अनुरोध मानने से इनकार कर दिया तो उन्हें अयोग्य करार दिया गया। टूर्नामेंट में रैपिड चैम्पियनशिप के नौवें दौर में उन्हें किसी के खिलाफ उतारा नहीं गया। नीति में बदलाव की घोषणा करते हुए अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) के अध्यक्ष अर्कादी वोरवोविच ने कहा ,'' मैंने पोशाक की उपयुक्तता के संबंध में निर्णय लेने में फिडे अधिकारियों को अधिक लचीलापन प्रदान करने के लिए इस नजरिये का प्रयोग करने का फैसला किया है।

# क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने 2024 की अपनी सर्वश्रेष्ठ टेस्ट टीम चुनी, जसप्रीत बुमराह को बनाया कप्तान




नईदिल्ली, (ए.)। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने इस साल टेस्ट प्रारूप में जोरदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मिलाकर सर्वश्रेष्ठ टीम का चयन किया, जिसमें भारतीय दिग्गज जसप्रीत बुमराह को उन्होंने कप्तान नियुक्त किया।उनके अलावा यशस्वी जायसवाल को भी क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने अपनी सर्वश्रेष्ठ टीम में जगह दी है।इन दोनों खिलाड़ियों के अलावा कोई अन्य भारतीय इस टीम में नहीं चुना गया है।आइए क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की सर्वश्रेष्ठ टेस्ट टीम के बारे में जानते हैं।

बुमराह ने 2024 में कुल 13 टेस्ट खेले, जिसमें 14.92 की औसत के साथ सर्वाधिक 71 विकेट हासिल किए।इस बीच उन्होंने 5 पारियों में 5 विकेट हॉल लिए हैं। बुमराह इस समय बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 में हिस्सा ले रहे हैं।इस प्रतिष्ठित सीरीज के शुरुआती 4 टेस्ट में उन्होंने 12.83 की औसत के साथ 31 विकेट चटकाए हैं। वह 3 पारियों में 5 विकेट हॉल भी अपने नाम कर चुके हैं।

इस साल जायसवाल टेस्ट में सर्वाधिक रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज रहे।उन्होंने 15 टेस्ट की 29 पारियों में 54.74 की औसत के साथ 1,478 रन बनाए। इस बीच नाबाद 214 रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ 3 शतक और 9 अर्धशतक लगाए।जायसवाल ने इस समय खेली जा रही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 51.28 की औसत के साथ 359 रन बनाए। इस बीच उन्होंने एक शतक और 2 अर्धशतक लगाए थे।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की 2024 की टेस्ट टीम- यशस्वी जायसवाल, बेन डकेट, जो रूट रचिन रविंद्र, हैरी ब्रूक, कामिंदु मेंडिस, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), मैट हेनरी, जसप्रीत बुमराह (कप्तान), जोश हेजलवुड और केशव महाराज।

# स्वागतम्-2025

## दबंग की दबंगई से पीड़ित लोग पहुंचे कलेक्टर की शरण में

### >>> कलेक्टर से की न्याय की मांग



सीहोर(निप्र)। दबंगो की दबंगई से पीड़ित जिले के दोराहा के नागरिक सीहोर जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर दबंग की दबंगई से मुक्ति दिलाने की मांग की, खास बात यह है कि पीड़ितों में महिलाएं भी शामिल रहीं, दबंगो की दबंगई से परेशान पीड़ितों ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि दोराहा के दबंगो का आतंक क्षेत्र में इस कदर व्याप्त हो गया है कि वह उनका मकान भी नहीं बनवा पा रहे हैं,क्षेत्र में दबंग का आतंक इतना है कि अनेक लोग पीड़ित है, पीड़ित नागरिकों ने कहा कि वह अब इतना पीड़ित हो चुके हैं कि अब और अधिक पीड़ा सहने की उनमें हिम्मत नहीं है इसलिए वह सीहोर जिला कलेक्टर को आवेदन देने पहुंचे हैं और शासन से दबंग के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य 23 जनवरी 2025 तक किया जायेगा

सीहोर(निप्र)। खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 अंतर्गत समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य 23 जनवरी 2025 तक किया जायेगा। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए जिले में 17 उपार्जन केन्द्र निर्धारित किये गए है। शासन द्वारा जारी उपार्जन नीति के अनुसार भारत सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर खाद्यान्न उपार्जन के लिए उपार्जन केन्द्रों पर उपलब्ध भौतिक एवं अन्य सुविधाओं के आधार पर केन्द्रों का श्रेणीकरण करने के निर्देश दिए गए है। जिसमें भारत सरकार के पोर्टल pcsap.in पर रजिस्ट्रेशन कर पोर्टल पर उपार्जन केन्द्रों पर भौतिक एवं अन्य सुविधाओं की प्रविष्टि किया जाना है।

## नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर की पहल-आज मनाया जाएगा गो पूजा दिवस

सीहोर(निप्र)। बुधवार को नगर पालिका परिसर में गो पूजा दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर के नेतृत्व में सभी पार्षद और नगर पालिका अमला गौ पूजन करेगा। मंगलवार को नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर ने नगर पालिका कार्यालय में बने निशुल्क सहायता केन्द्र पहुंचे थे और करीब एक घंटे तक विभिन्न वार्डों से आए लोगों की समस्याओं का निराकरण किया। उन्होंने बताया कि सहायता केन्द्र का निर्माण क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर और प्रभावी नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराने में तथा उनसे जुड़ी समस्याओं के निराकरण हेतु सत्त प्रयत्नशील है। इस दौरान उन्होंने बताया कि बुधवार की सुबह साढ़े दस बजे नगर पालिका के हाल में सम्मान के साथ गो पूजा दिवस का शुभारंभ किया जाएगा।



नगर पालिका के द्वारा एक जनवरी को नवाचार के रूप में गौ सेवा के साथ गो सेवा दिवस का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर गो माता की पूजा के अलावा चारे का इंतजाम भी किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्रवासियों से एक जनवरी को दिवस मनाए जाने की अपील के साथ गौर सेवा करने की प्रार्थना की है।

## अंग्रेजी नव वर्ष कहलाएगा गौ पूजन दिवस-पं.मोहितरामजी



सीहोर(निप्र)। आज अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार 1 जनवरी नव वर्ष कहलाता है। मगर हमारे सनातन धर्म में गुड़ी पड़वा चेत्र प्रतिपदा को नववर्ष कहा जाता है किंतु अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार 1 जनवरी ही नव वर्ष होता है कई लोग मानते हैं उसी को परिवर्तित करते हुए आज श्री शिव सोमनाथ महापुराण में नगर पालिका अध्यक्ष की उपस्थिति में 1 जनवरी को से गो पूजन दिवस के रूप में मनाया जाने का आदेश नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस जी राठौर को कथा व्यास परम गौभक्त पंडित मोहितरामजी पाठक ने दिया संत श्री ने कहा कि व्यासगादी राजगादी को आदेश कर रही है अंग्रेजी नव वर्ष को नगर पालिका परिषद में प्रात: 11:00 बजे गौ माता का पूजन कर 1 जनवरी को गौ-पूजन दिवस के रूप में मनाया जाएगा। जिसमें परम गौभक्त कथा व्यास पंडित मोहित राम जी पाठक नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर की उपस्थिति में संपूर्ण हिंदू समाज उपस्थित होगा और सिद्धपुर की भूमि से आज से इस अंग्रेजी नववर्ष को गोपूजन दिवस के रूप में 1 जनवरी को मनाया जाएगा। सनातनी संस्कृति संस्कार परंपरा गौ-सेवा गौशाला माता पिता की सेवा राष्ट्र सेवा राष्ट्र भक्ति से बड़ा कुछ नहीं षष्ठम दिवस की कथा में भगवान गणेश और माता रिद्धि सिद्धि का विभव सब बड़े धूमधाम से मनाया गया आज कथा की पूर्णाहुति शोभा यात्रा एवं आरती के पश्चात विशाल भंडारी का आयोजन किया जाएगा आयोजन समिति शिव शक्ति महिला मंडल गल्ला मंडी पुलिस लाइन सीहोर ने संपूर्ण नगर वासियों को कथा में पडक़र धन्यवाद लेने का आग्रह किया।

### भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा मित्रता का प्रसंग

## जब कभी मित्रता की बात होती है तो कृष्ण और सुदामा की मिसाल दी जाती-कथा व्यास पंडित चेतन उपाध्याय

सीहोर(निप्र)। मित्र हमारे सुख-दुख के साथी होते हैं। किसी भी परिस्थिति में मित्र हमेशा साथ खड़े होते है। भारतीय परंपरा में मित्रता की बहुत सारी कहानियां प्रचलित हैं। उक्त विचार शहर के डीडी स्टेट कालोनी में सात दिवसीय भागवत कथा के अंतिम दिन कथा व्यास पंडित चेतन उपाध्याय ने कहे। उन्होंने कहा कि जिससे हमें मित्र के प्रति ईमानदारी, त्याग और सम्मान का भाव दिखाई देता है। जब कभी मित्रता की बात होती है तो कृष्ण और सुदामा की मिसाल दी जाती है।

जारी सात दिवसीय भागवत कथा के अंतिम दिन भागवत भूषण पंडित चेतन उपाध्याय ने कथा में सुदामा प्रसंग और परीक्षित मोक्ष का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने कहा कि सुदामा जी के पास कृष्ण नाम का धन था। संसार की दृष्टि में गरीब तो थे, लेकिन दरिद्र नहीं थे। अपने जीवन में किसी से कुछ मांगा नहीं। पत्नी सुशीला के बार-बार कहने पर सुदामा अपने मित्र कृष्ण से मिलने गए। भगवान के पास जाकर भी कुछ नहीं मांगा।



भगवान अपने स्तर से सब कुछ दे देते हैं। सुदामा चरित्र के माध्यम से भक्तों के सामने दोस्ती की मिसाल पेश की और समाज में समानता का संदेश दिया।

भागवत भूषण पंडित श्री उपाध्याय ने राजा परीक्षित संवाद, शुकदेव जन्म, कपिल संवाद का प्रसंग सुनाया। शुकदेव परीक्षित संवाद का वर्णन करते हुए कहा कि एक बार परीक्षित महाराज वनों में काफी दूर चले गए।

### नये साल में नई ऊर्जा के साथ आमजन के कल्याण और जिले के विकास के लिए सर्मण के साथ अपने दायित्व का करे निर्वहन : कलेक्टर प्रवीण सिंह

सीहोर(निप्र)। समय-सीमा पत्रकों के निराकरण के लिए कलेक्टर प्रवीण सिंह की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने सभी अधिकारियों को पूर्व से विभागीय लंबित आवेदनों के निराकरण करने और सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का त्वरित निराकरण करने तथा लंबित शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नये साल में नई उर्जा के साथ आमजन के कल्याण और जिले के विकास के लिए अपने दायित्व का पूरी गंभीरता से निर्वहन करें।

## कलेक्टर प्रवीण सिंह ने दी नागरिकों को नववर्ष की शुभकामनाएं



सीहोर(निप्र)। कलेक्टर प्रवीण सिंह ने नववर्ष 2025 के अवसर पर जिले के सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि नया वर्ष सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और नई ऊर्जा लेकर आए। उन्होंने जिले के नागरिकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे सामुदायिक विकास में सक्रिय योगदान दें और एकता व भाईचारे के साथ जिले को प्रगति के नए आयामों तक पहुंचाने में सहयोग करें। उन्होंने सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नये साल में नई उर्जा के साथ आमजन के कल्याण और जिले के विकास के लिए अपने दायित्व का पूरी गंभीरता से निर्वहन करें।

## अब 3064 रुपये में मुख्यमंत्री युवा अन्नदूत योजना के हितग्राहियों को 14 लाख का बीमा

### खाद्य मंत्री श्री राजपूत की युवा अन्नदूत योजना के हितग्राहियों को नये वर्ष की सौगात

सीहोर(निप्र)। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि युवा अन्नदूत योजना के अनुबंधित परिवहनकर्ताओं को मात्र 3064 रुपये के वार्षिक प्रीमियम पर 14 लाख रुपये का बीमा करने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि इस योजना के हितग्राहियों की असामयिक मृत्यु पर कोई सहायता नहीं प्राप्त होने से परिवार को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ता था। मंत्री श्री राजपूत ने बताया कि हितग्राहियों के बीमा के लिये 3 बीमा योजनाओं का क्रियान्वयन किया जायेगा। इनमें से सामूहिक बीमा योजना का क्रियान्वयन फरवरी-2025 से होगा। इसका वार्षिक प्रीमियम 2608 रुपये और बीमित राशि 10 लाख रुपये है। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना का क्रियान्वयन जून-2025 से होगा। इसका वार्षिक प्रीमियम 436 रुपये और बीमित राशि 2 लाख रुपये है। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना का क्रियान्वयन जून-2025 से होगा। इसका वार्षिक प्रीमियम 20 रुपये और बीमित राशि 2 लाख रुपये है।योजना में पॉलिसी जारी होने की दिनांक से हितग्राही की दुर्घटना में मृत्यु होने पर पूरी बीमा राशि मिलेगी। पॉलिसी जारी होने की दिनांक से 30 दिन के बाद हितग्राही की अन्य कारण से (दुर्घटना को छोड़कर) मृत्यु होने पर पूरी बीमा राशि दी जायेगी। अन्य कारणों से 30 दिन में मृत्यु होने पर हितग्राही द्वारा देय प्रीमियम राशि का 80 प्रतिशत भुगतान किया जायेगा। बीमा पॉलिसी जारी होने के एक वर्ष की अवधि में आत्महत्या करने पर जीवन बीमा की राशि देय नहीं होगी, मात्र देय प्रीमियम राशि का 80 प्रतिशत भुगतान किया जायेगा।

## पूर्व नपाध्यक्ष राकेश राय आज नए साल का स्वागत गरीबो को अनाज वितरित कर करेंगे

सीहोर (निप्र)। हर साल की तरह इस साल भी पूर्व नपाध्यक्ष एवं समाजसेवी राकेश राय के द्वारा नए साल का स्वागत गरीबो और जरूरतमंदों को अनाज वितरण कर किया जाएगा। साल के पहले बुधवार को सुबह ग्यारह बजे अनाज का वितरण किया जाएगा। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार राकेश राय मित्र मंडल के द्वारा अनाज वितरण कार्यक्रम मेन रोड स्टेट बैंक के सामने स्थित कार्यालय पर किया जाएगा।



इस मौके पर अनाज का वितरण जाएगा। वरिष्ठ समाजसेवी पूर्व नपाध्यक्ष श्री राय पिछले करीब 25 से अधिक सालों से नए साल का स्वागत अपने विशेष अंदाज में करते हैं। श्री राय हर साल एक जनवरी को सुबह 11 बजे गरीबों को अनाज का वितरण करते हैं। अनाज वितरण भिक्षा मांगने वालों के साथ जरूरतमंदों को किया जाएगा। पूर्व में श्री राय ने निर्धन विद्यार्थियों को कापी किताब कई बार वितरित किए। उनकी यह निस्वार्थ समाजसेवा पूरे साल जारी रहती है। जानकारी के अनुसार सुबह ग्यारह बजे हर साल की तरह यह आयोजन शहर के मेन रोड स्थित श्री राय के कार्यालय पर किया जाएगा। इस मौके पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश राय के मित्र मंडल भी साथ में वितरण करने की व्यवस्था में सहयोग करेगा।

## सीहोर बायज ने एमजी क्लब को 2-0 से हराया



सीहोर(निप्र)। शहर के चर्च मैदान पर खेली जा रही ब्लाक स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता में मंगलवार को एक मुकाबला खेला गया। इस मुकाबले में सीहोर बायज ने एमजी क्लब को 2-0 से हराया। यह मुकाबला सीहोर से ही सीहोर बायज के खिलाड़ियों ने अपनी आक्रमक शैली में खेलते हुए एमजी क्लब पर प्रेशर बनाया था। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला फुटबाल एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया ने बताया कि मंगलवार की शाम को खेले गए इस मुकाबले में सीहोर बायज की टीम ने यह मैच 2-0 से हराया। इस मैच में सीहोर बायज की ओर से कृष्णा और विनायक ने एक-एक गोल किया था। एमजी क्लब के खिलाड़ियों ने अनेक गोल के प्रयास किए, लेकिन सफल नहीं हो सके।

## धान की भरती 40 किलोग्राम+बारदाना की जाये

सीहोर (निप्र)। खरीफ विपणन वर्ष 2024.25 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिए जारी नीति में धान की बैंगिंग के लिए उपयोग किए जाने वाले बारदानों के संबंध निर्देश है कि धान की भरती प्रति बारदाना 40 किलोग्राम+बारदाना वजन अनुसार की जाएगी। नवीन जूट बारदाना का वजन 580 ग्राम निर्धारित है। राज्य स्तरीय निरीक्षण दल द्वारा समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान व्यवस्था के निरीक्षण में धान की बैंगिंग में उपयोग किए जा रहे बारदानों में नवीन एवं एक भर्ती बारदाने का वजन निर्धारित मापदण्ड पाया गया। समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान की बैंगिंग के लिए प्रदाय बारदानों की गुणवत्ता जांच कराना सुनिश्चित किया जाये।

## एनटीए परीक्षा के लिए राज्य स्तरीय समन्वय समिति का गठन

सीहोर(निप्र)। राज्य शासन द्वारा राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एन.टी.ए.) द्वारा आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं के संचालन में समन्वय और प्रभावी प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए राज्य स्तरीय समन्वय समिति का गठन किया गया है।

## जैविक खैती को बढ़ावा देने के लिए किसान सम्मेलन आयोजित



सीहोर(निप्र)। सीहोर तहसील के ग्राम सालाखेड़ी में जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस किसान सम्मेलन में किसानों द्वारा जैविक खेती के मॉडलों का अवलोकन किया गया। इसके साथ इस किसान सम्मेलन में उन किसानों ने अपने अनुभव साझा किए जो निरंतर जैविक खेती कर रहे हैं। किसान सम्मेलन में बताया गया कि यह एक अग्रणी प्रयास है जो समर्थन संस्था और कृषि विभाग के प्रयासों से किया जा रहा है। बीआरसी केंद्र पर एडवांस जीवामृत और कीट प्रबंधन हेतु कई प्रकार की कीटनाशक का निर्माण किया जा रहा है।

इस अवसर पर किसानों को मृदा और उसके तत्वों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। किसानों को बताया गया कि मृदा के तत्वों की कमी को जीवामृत की सहायता से पूरा किया जा सकता है और भूमि को उपजाऊ बनाया जा सकता है। इस अवसर पर ग्राम एवं आसपास के ग्रामों किसान एवं संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा कलेक्ट्रेट के सामने कलेक्ट्रेट रोड सीहोर म.प्र. से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना। स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com